


सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 16 अंक - 42 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 25 नवंबर 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## महाराष्ट्र में सरकार का फॉर्मूला तय! ढाई-ढाई साल के होंगे सीएम

# फडणवीस शुरुआती ढाई साल के लिए होंगे सीएम, अगले ढाई साल शिंदे होंगे मुख्यमंत्री

**मुंबई ( ए. )।** विधानसभा चुनावों में भारी जीत के बाद महारष्ट्र में सरकार के फार्मूले को लेकर चर्चा जारी है। संभावना है कि सोमवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री का ऐलान कर दिया जाएगा। इस बीच खबर आ रही है कि महाराष्ट्र में सरकार का फॉर्मूला तय हो गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के को बताया है कि आरएसएस और भाजपा ने राज्य में सरकार चलाने का फॉर्मूला तय किया है। पहले ढाई साल देवेन्द्र फडणवीस और अगले ढाई साल शिवसेना चीफ एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री रहेंगे। सीएम पद छोड़ने के बाद देवेन्द्र फड़णविश को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है।


महाराष्ट्र में भाजपा को अब तक की सबसे बड़ी जीत दिलाने वाले देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार सीएम बनने जा रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा आलाकमान व आरएसएस ने मिलकर फडणवीस की भूमिका तय की है। आरएसएस व भाजपा ने शिवसेना व एनसीपी (अजित पवार) के सहमति बना ली है। ढ़ाई-ढाई साल के सीमए पद पर सहमति बन गई है। वहीं एनसीपी के अजित पवार को एक बार फिर डिप्टी सीएम के साथ




महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी मिल सकती है। यहीं नहीं सीएम पद छोड़ने के बाद देवेन्द्र फडणविश को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने पर भी भाजपा आलाकमान व आरएसएस सहमत है। इसके साथ ही यह तय माना जा रहा है कि महाराष्ट्र में पहले ढाई साल के लिए देवेन्द्र फडणवीश सीएम बनेंगे। यानी शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे को ढाई साल के बाद ही सीएम बनाया जाएगा।

### आरएसएस प्रमुख व पीएम मोदी के बीच बनी सहमति





बताया जा रहा है कि महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस को सीएम बनाने पर संघ प्रमुख मोहन भागवत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में सहमति बन गई है। इसकी बड़ी वजह फड़णवीस का दोनों संगठनों में एक जैसा कोऑर्डिनेशन है। चुंकि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो रहा है और इससे पहले सरकार बनानी जरूरी है। इसलिए संभावना जताई जा रही है कि सोमवार को किसी भी समय महाराष्ट्र के सीएम की घोषणा की जा सकती है। ऐसा न होने पर राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ेगा।

### नागपुर साउथ-वेस्ट सीट से चुनाव जीते हैं देवेन्द्र

देवेंद्र फडणवीस नागपुर साउथ-वेस्ट सीट से चुनाव जीते हैं। इस सीट से ये उनकी लगातार चौथी जीत है। देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस के प्रफुल्ल गुडधे को हराया है। 2014 में भी यही दोनों आमने-सामने थे। उस वक्त फडणवीस 58,942 वोट से जीते थे। 2019 में कांग्रेस ने कैंडिडेट बदला और आशीष देशमुख को टिकट दिया। देवेंद्र फडणवीस तब 49,344 वोट से जीते थे।

### एक मुख्यमंत्री व दो डिप्टी सीएम

महाराष्ट्र सरकार में पिछले कार्यकाल की तरह एक मुख्यमंत्री और 2 डिप्टी सीएम का फॉर्मूला तय हो चुका है। सरकार में शामिल पार्टियों को हर 6-7 विधायक पर एक मंत्री पद मिलेगा। इस हिसाब से भाजपा के 22-24, शिवसेना (शिंदे गुट) के 10-12 और एनसीपी (अजित गुट) के 8-10 विधायक मंत्री बन सकते हैं। सीम के नाम के ऐलान के बाद शपथग्रहण समारोह भी जल्द हो सकता है।

## खास-खबर

### ऑनलाइन जॉब का झांसा देकर लाखों की ठगी, झारखंड से पकड़ाया शातिर



**भिलाई।** दुर्ग जिले के कुम्हारी थाना क्षेत्र में ऑनलाइन जॉब के झांसे में आकर एक शख्स ने अपने लाखों रुपए लुटा दिए। अननोन मोबाइल से कॉल कर टेलीग्राम के जरिए ऑनलाइन जॉब से भारी मुनाफे का झांसा दिया इसके बाद अलग अलग बहाने कर रुपए ऐंठ लिए। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद कुम्हारी पुलिस ने जांच की और आरोपी को झारखंड से गिरफ्तार किया। आरोपी झारखंड अपने गांव में रहकर इस प्रकार की ठगी की घटना को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत कार्रवाई की है।

इस मामले में गुरुमुख सिंह पिता सुखविन्दर सिंह (28) निवासी हाउसींग बोर्ड कुम्हारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई। अपनी शिकायत में गुरुमुख सिंह ने बताया कि अज्ञात मोबाइल नंबर 8294391411 धारक द्वारा पार्ट टाईम जाब कर 500 से 50000रुपए कमाने की स्कीम बताई। स्कीम के सुनने के बाद अलग अलग किश्तों में गुरुमुख सिंह ने कॉलर को कुल 3 लाख 50 हजार 400 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। इतने पैसे देने के बाद भी कॉलर द्वारा और रुपयो की मांग की जाती रही लेकिन किसी प्रकार का जॉब नहीं मिला। इसके बाद गुरुमुख को ठगी का अहसास हुआ तो उसने शिकायत दर्ज कराई।

जांच के दौरान पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया। साइबर सेल की मदद से पता चला कि कॉलर ने झारखंड से कॉल किया था। इसके बाद पुलिस को पता चला कि उक्त मोबाइल दौलत कुमार (24) निवासी मखगलपुर पोष्ट रामपुर थाना जिला साहेबगंज झारखण्ड़ होना पाया गया। इसके बाद लोकेशन के आधार पर कुम्हारी पुलिस की एक टीम झारखंड पहुंची और दौलत कुमार को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने ठगी करना स्वीकार किया। आरोपी को वापस लाने के बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### छत्तीसगढ़ में पड़ रही कड़ाके की ठंड, सरगुजा संभाग 8 डिग्री तापमान के साथ सबसे ठंडा

**रायपुर।** उत्तर से आ रही हवाओं के कारण छत्तीसगढ़ में ठंड लगातार बढ़ती जा रही है। रात में ठंड से बचने के लिए लोग चौक-चौराहों पर अलाव का सहारा ले रहे हैं। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान 8 डिग्री अंबिकापुर में दर्ज किया गया। वहीं अगले 5 दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है।

रविवार को प्रदेश में सबसे अधिक दिन का तापमान 30.7 डिग्री सेल्सियस सुकमा में दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार सरगुजा और दुर्ग संभाग में न्यूनतम तापमान सामान्य से कम है, जबकि रायपुर, बिलासपुर और बस्तर संभाग में न्यूनतम तापमान सामान्य है।

सरगुजा संभाग के जिलों में पिछले एक सप्ताह से पड़ रही कड़ाके की ठंड ने लोगों की हालत खराब कर दी है। आमतौर पर दिसंबर और जनवरी के महीने में पड़ने वाली कड़ाके की ठंड अब नवंबर में ही पड़ने लगी है। प्रदेश में सबसे कम तापमान अंबिकापुर में दर्ज किया गया। यहां रात का तापमान 8 डिग्री रहा जो सामान्य से 3.7 डिग्री कम रहा। वहीं सूरजपुर में रात का तापमान 8.8 डिग्री, बलरामपुर में रात का तापमान 8.6 डिग्री, कोरिया में 10.7 डिग्री और जशपुर में न्यूनतम तापमान 13.8 रहा।

## पर्थ टेस्ट में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हराया दूसरी पारी में 238 रन पर सिमटी कंगारू टीम



■ **मैच में कप्तान बुमराह से सबसे ज्यादा 8 विकेट लिए, बने प्लेयर ऑफ द मैच**

**पर्थ ( ए. )।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में 295 रन से हरा दिया है। टीम ने 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में भारत की ओर से कप्तान बुमराह ने सबसे ज्यादा 8 विकेट चटकाए। बुमराह की शानदार गेंदबाजी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अब सीरीज दूसरा मुकाबला 6 दिसंबर से एडिलेड में खेला जाएगा।

पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में सोमवार को मैच के चौथे दिन 534 रन चेज कर रही कंगारू टीम को दूसरी पारी में 238 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले भारत ने 6 विकेट पर 487 रन पर दूसरी पारी घोषित कर दी थी। टीम इंडिया ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 104 रन पर सिमट गई थी। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में बुमराह और मोहम्मद सिराज ने 3-3 विकेट लिए। ट्रैविस हेड (89) ने अर्धशतक लगाया।

इससे पहले नाथन लायन 0, मिचेल स्टार्क 12, मिचेल मार्श 47, ट्रैविस हेड 89, स्टीव स्मिथ 17 और उस्मान ख्वाजा 4 रन बनाकर आउट हुए। भारत के लिए अब तक जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने 3-3 विकेट लिए। वॉशिंगटन सुंदर को 2 और नीतीश रेड्डी व हर्षित राणा को 1-1 विकेट मिला।

मैच के तीसरे दिन रविवार को भारतीय टीम ने यशस्वी जायसवाल (161 रन) और विराट कोहली (100*) के शतकों के सहारे अपनी दूसरी पारी पारी 487/6 पर घोषित की थी। इससे ऑस्ट्रेलिया को 534 रन का टारगेट मिला था। भारत ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 104 रन पर सिमट गई थी।

इस टेस्ट मैच में विराट कोहली ने टेस्ट करियर का 30वां शतक जमाया है। विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मुकाबले की दूसरी पारी में नाबाद 100 रन की पारी खेली। वे सबसे ज्यादा टेस्ट शतक के मामले में ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन (29 शतक) से आगे निकल गए हैं। कोहली और यशस्वी जायसवाल (161 रन) के शतकों के दम पर भारत ने अपनी पारी 487/6 पर घोषित की। इससे ऑस्ट्रेलिया को 534 रन का टारगेट मिला। रन चेज में ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन स्टंप्स तक 12 रन पर 3 विकेट गंवा दिए हैं। उस्मान ख्वाजा 3 रन पर नाबाद हैं, जबकि मार्नस लाबुशेन 3, कप्तान पैट कमिंस 2 और नाथन मैकस्वीनी बिना खाता खोले पवेलियन लौटे।

## संसद सत्र की शुरुआत पर बोले पीएम मोदी- जिन्हें जनता ने बार-बार नकारा, वे ही कर रहे हैं लोकतंत्र का अनादर

**नई दिल्ली ( ए. )।** संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत में मीडिया से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी सांसदों से संसद में स्वस्थ चर्चा करने की अपील की। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए संसद में चर्चा न होने देने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'साल 2024 का ये अंतिम कालखंड चल रहा है। देश पूरी उमंग और उत्साह के साथ 2025 के स्वागत की तैयारी में लगा हुआ है। संसद का ये सत्र अनेक प्रकार से विशेष है। अब सबसे बड़ी बात है कि हमारे संविधान के 75 साल की यात्रा, 75वें साल में उसका प्रवेश, ये अपने आप में लोकतंत्र के लिए एक बहुत ही उज्जवल अवसर है।

प्रधानमंत्री ने कहा 'कल संविधान सदन में सब मिलकर के इस संविधान के 75वें वर्ष के उत्सव की मिलकर शुरुआत करेंगे। संविधान निर्माताओं ने संविधान निर्माण करते समय एक-एक बिंदू पर बहुत विस्तार से बहस की है, तब जाकर ऐसा उत्तम दस्तावेज हमें प्राप्त हुआ है। इसकी महत्वपूर्ण ईकाई है हमारी संसद। हमारे सांसद भी और हमारी संसद भी। संसद में स्वस्थ चर्चा हो, ज्यादा से ज्यादा लोग चर्चा में अपना योगदान दें। दुर्भाग्य से कुछ लोगों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए, जिनको जनता ने अस्वीकार किया है, वे संसद को भी, मुट्ठी भर लोगों की हुड़दंग बाजी से कंट्रोल करने का



लगातार प्रयास कर रहे हैं। उनका अपना मकसद तो संसद की गतिविधि रोकने से ज्यादा सफल नहीं होता और देश की जनता उनके सारे व्यवहारों को देखती है और जब समय आता है, तब सजा भी देती है। सबसे ज्यादा पीड़ा की बात ये है कि जो नए सांसद नए विचार और नई ऊर्जा लेकर आते हैं, उनके अधिकारों को कुछ लोग दबोच देते हैं।

### जिन्हें जनता ने नकारा, वे संसद में चर्चा नहीं होने देते

लोकतांत्रिक परंपरा में हर पीढ़ी का काम करना है अगली पीढ़ी को तैयार करें, लेकिन 80-90 बार जनता ने जिनको लगातार नकार दिया है, वे न संसद में चर्चा होने देते हैं और न ही लोकतंत्र की भावना का सम्मान करते हैं। न ही वे लोगों की आकांक्षाओं को समझते हैं। उसका परिणाम है कि वे जनता की उम्मीदों पर कभी भी खरे नहीं उतरते। इसके चलते जनता को उन्हें बार-बार रिजेक्ट करना पड़ रहा है।' पीएम मोदी ने कहा कि 'साथियों ये सदन लोकतंत्र के आम चुनाव के बाद देश की जनता को अपने-अपने राज्यों में कुछ स्थानों पर अपनी भावना, अपने विचार प्रकट करने का अवसर मिला है। मैं बार-बार विपक्ष के साथियों से आग्रह करता रहा है और कुछ विपक्ष जिम्मेदारी से व्यवहार करते भी हैं कि सदन में सुचारू रूप से काम हो।

### हमें जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना ही होगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'संसद में बैठे हुए हम सभी को जनता जनार्दन की भावनाओं पर खरा उतरना ही पड़ेगा। समय की मांग है कि हम जितना समय गंवा चुके हैं, उसका थोड़ा प्रायश्चित करें। हम बहुत ही तंदरुस्त तरीके से संसद में चर्चा करें। आने वाली पीढ़ियां उसे पढ़ेंगी और उससे प्रेरणा लेगी। मुझे आशा है कि ये सत्र बहुत ही परिणामकारी हो। भारत की वैश्विक गरिमा को बल देने वाला हो, नए सांसद और विचारों को बल देने वाला हो। इसी भावना के साथ मैं फिर एक बार सभी सांसदों को उत्साह और उमंग के साथ सभी साथियों का स्वागत करता हूं।'

## एमपी-सीजी बॉर्डर पर बाघिन की एंट्री, ग्रामीणों में मचा हड़कंप; हाई अलर्ट पर वन विभाग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कबीरधाम।** एमपी-सीजी बॉर्डर पर हाथी के बाद अब बाघिन की एंट्री हो गई है। इस क्षेत्र में सीजी के कबीरधाम व एमपी के डिंडौरी, बालाघाट व मंडला जिला आता है। क्षेत्र में हाथी व बाघिन की एंट्री हुई है। ये कभी सीजी के कबीरधाम जिला तो कभी एमपी के डिंडौरी जिले के जंगल में आ जाते है। ऐसे में दोनों राज्य के वन विभाग की टीम हाई अलर्ट पर है।

इस बीच एमपी के सिलपीडी के जंगल से ठाडपथरा बाघिन की तस्वीर ट्रैप कैमरा में कैद हुई है। बताया जा रहा कि एक दिन पहले ये डिंडौरी जिले के वन परिक्षेत्र दक्षिण समनापुर के रंजरा और बंजरा वन ग्राम में मौजूद थी। इसके बाद इसका मूवमेंट पश्चिम करंजिया रेंज अंतर्गत वन ग्राम ठाडपथरा के आसपास रहा है। इस दौरान बाघिन ने बस्ती के अंदर सड़क किनारे एक मवेशी का शिकार कर उसे घसीटते हुए गांव के बाहर ले गई।



## संभल बवाल: प्रभावित इलाकों में कर्फ्यू जैसे हालात सपा सांसद व विधायक के बेटे पर एफआईआर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**संभल ( ए. )।** संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान रविवार को भड़की हिंसा के बाद सोमवार सुबह से पूरे शहर में तनाव का माहौल है। हिंसा प्रभावित इलाकों में कर्फ्यू जैसे हालात हैं। प्रशासन ने स्थिति नियंत्रण में लाने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। डीआईजी मुनिराज जी के नेतृत्व में पुलिस बल ने हिंसा प्रभावित इलाकों में फ्लैग मार्च किया। शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर बैरिकेडिंग की गई है, और प्रवेश मार्गों पर पुलिस तैनात है। पुलिस ने अभी तक 25 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। वहीं, इलाके में बाहरी लोगों के आने पर भी रोक लगा दी गई है। इंटरनेट अब कल तक बंद रहेगा।

संभल जिले में हिंसा मामले में दो थानों में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। संभल से



समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है। सांसद के अलावा स्थानीय सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों पर ही दंगाइयों को भड़काने का आरोप लगा है। इनके साथ 2500 लोगों पर भी केस दर्ज किया गया है।

### कर्फ्यू जैसे हालात

संभल शहर में फिलहाल अघोषित कर्फ्यू जैसा माहौल है। सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और संयम बनाए रखने की अपील की जा रही है। फिलहाल, इलाके में प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला है। सोमावर की सुबह इलाके में तनावपूर्ण शांति है। हिंसा के बाद अभी तक कोई घटना सामने नहीं आई। पूरे मुरादाबाद रेंज के 30 थानों की पुलिस को संभल के हिंसाग्रस्त इलाके में तैनात किया है। डीएम राजेंद्र पैंसिया ने एक दिसंबर तक जिले में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है। वहीं हिंसा में शामिल आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की जाएगी।



## संपादकीय

# यूं ही नहीं उपजा यह जनादेश

झारखंड के झटके के बावजूद यह तय है कि भारतीय जनता पार्टी अब नए जोश-खरोश के साथ अगले चुनावों की तैयारी करेगी। इसका सबसे बड़ा लाभ तो यह होगा कि एनडीए के सहयोगी अब और संजीदगी से मोदी सरकार का साथ देंगे।

> *पहले सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्य को सुनिए! उन्होंने कहा- हम ही सरकार बनाएंगे, क्योंकि मोदी जी के पास कोई न कोई सिद्धि ज़रूर है! वह हर मुसीबत से निकल आते हैं। यह चुनाव उनकी सिद्धि का अगला चरण साबित होगा। विपक्षी टोली के सदस्य का जवाब था- भाई, मैंने तो हरियाणा के बाद आकलन ही छोड़ दिया है। भाजपा वाले आखिरी तीन दिनों में पता नहीं कौन सा जादू करते हैं कि सारा किया-धरा चौपट हो जाता है। संयोगवश, उस दिन मुंबई से लंबी चुनाव-चर्चाएं करके लौटे थे। पांच दशक से अधिक लंबी सियासी पारी खेल चुके इन पुरोधाओं के शब्दों पर गौर कीजिए- सिद्धि! जादू! क्या मतलब है इनका?*

सत्ता पक्ष के प्रतिनिधि का आशय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की किसी दैवीय सिद्धि से नहीं, बल्कि अद्भुत सियासी कौशल और आम आदमी के मानस की समझ से था। इसी के चलते भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मानते हैं कि किसी चुनाव में अगर हमारी सीटें कम रह जाएंगी, तो अगला चुनाव उसकी भरपाई कर देगा। यह भाव उन्हें न केवल आत्मविश्वास देता है, बल्कि एकजुट होकर जूझने के लिए प्रेरित भी करता है। महाराष्ट्र के चुनावों और उत्तर प्रदेश के उप-चुनावों ने इसे साबित कर दिया है कि पिछले लोकसभा चुनावों में मिले झटकों से भाजपा की अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन उबर चुका है। इन दोनों राज्यों में भाजपा को करारा झटका मिला था। विपक्षी टोले के नेता का जवाब भी यही दर्शाता है कि कांग्रेस और 'इंडिया' ब्लॉक विजय हासिल करने योग्य आत्मविश्वास नहीं संजो पा रहे हैं।

महाराष्ट्र का यह विजयनामा यूं ही नहीं लिखा गया। जीत की राह वाकई कठिन थी। जब से एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने अपने-अपने मूल दलों से अलग होकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा था, तभी से माना जाता था कि वे जनता की नजर में खलनायक साबित होंगे। उद्धव ठाकरे और शरद पवार ने इस 'सहानुभूति तत्व' का लाभ उठाने की हर चंद कोशिश की, पर वे नाकाम साबित हुए। क्यों? लोकसभा चुनावों में सरकार के खिलाफ हुई मराठा लामबंदी को महायुति ने इस बार सफलतापूर्वक रोका। इसी के साथ अजित पवार को मुस्लिमों में पैठ बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इससे आघाड़ी को सांघातिक आघात पहुंचा। चुनाव से चार महीने पूर्व लागू 'लाडकी बहिण योजना' ने महिलाओं का मन मोह लिया। महिलाएं चुनाव-दर-चुनाव बतौर 'वोट बैंक' अपनी ताकत जमाती जा रही हैं। झारखंड में इनका साथ हेमंत सोरेन को मिला। उन्होंने भी 'मंईयां सम्मान योजना' के जरिये आधी आबादी में दखल बनाई थी। इन चुनावों ने साबित कर दिया है कि जीत के लिए विरासत और सहानुभूति काफी नहीं होते। जमीन पर काम भी करना पड़ता है।

महाराष्ट्र में भाजपा ने इस बार कोई जोखिम मोल नहीं लिया। गृह मंत्री अमित शाह की अगुवाई में टिकट बंटवारे और सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे के जटिल कार्य को समझदारी और सावधानी के साथ सिरे तक पहुंचाया गया। नतीजा सामने है। भारतीय जनता पार्टी का 'स्ट्राइक रेट' अगर 89 फीसदी है, तो शिंदे 71 और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस 77 के साथ उसमें इजाफा कर रही है। परिणाम आने के बाद अब भले शिंदे, अजित पवार और फडणवीस के नाम मुख्यमंत्री पद के लिए उछाले जा रहे हैं, पर चुनाव तक वे इस मुद्दे पर सार्वजनिक तौर पर वाचाल न थे। इसके विपरीत महाविकास आघाड़ी में जितने बर्तन थे, उतनी ही ध्वनियां निकल रही थीं। यही वजह है कि उनका मतदाता उनसे छिटक गया।

इस चुनाव में यह भी साबित हो गया कि दलबदल और भ्रष्टाचार बड़े मुद्दे नहीं रह बचे हैं, क्योंकि सभी पार्टियों में दलबदलू थे। चुनाव से ठीक एक दिन पहले भारतीय जनता पार्टी के ताकतवर महासचिव विनोद तावड़े पर नोट बांटने के आरोप लगे। सुप्रिया सुले और नाना पटोले के कथित ऑडियो टेप सामने आए। पुलिस और चुनाव आयोग के दरवाजे खटखटाए गए, पर कोई हलचल न हुई। यही नहीं, चुनाव आयोग ने 18 नवंबर तक 1,100 करोड़ रुपये की शराब, ड्रग्स, आभूषण अथवा कीमती उपहार जब्त किए। यह रिकॉर्डतोड़ आंकड़ा है। हमारी राजनीति में धन-बल और छल अब प्रमुख तत्व के तौर पर उभर चुके हैं। सवाल उठता है कि यह जतन झारखंड में क्यों नहीं काम आया? इसकी कई वजहें हैं। महाराष्ट्र की भांति यहां पर जितनी पार्टियां, उतने नेता नहीं थे। साथ ही 'इंडिया' ब्लॉक के अन्य घटक दलों में हेमंत सोरेन के कद का कोई नेता नहीं था। इससे भ्रम नहीं फैला। चुनाव से कुछ महीने पहले उनकी गिरफ्तारी ने भी 'एंटी इनकंबेन्सी' को खत्म कर दिया। भारतीय जनता पार्टी ने यहां पर महाराष्ट्र की शैली में तोड़-फोड़ जरूर की, परंतु चंपाई सोरेन वह काम नहीं कर सके, जो अजित पवार या एकनाथ शिंदे ने किया। भाजपा ने इस बार बाबूलाल मरांडी को आगे कर यह संदेश देने की कोशिश की कि वह आदिवासियों के साथ है, लेकिन हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और उनकी गैर-मौजूदगी में कल्पना सोरेन की कारगर सक्रियता मरांडी पर महंगी पड़ी।

एक बात और। झारखंड के परिणाम ने यह साबित कर दिया है कि अधिसंख्य हिंदीभाषी प्रदेशों में कांग्रेस अपने अकेले दम पर जीतने की शक्ति गंवा रही है। वह किसी हेमंत सोरेन, तेजस्वी यादव या अखिलेश यादव का मार्ग तो प्रशस्त करती है, परंतु उसकी निजी शक्ति छीजती जा रही है। झारखंड के झटके के बावजूद यह तय है कि भारतीय जनता पार्टी अब नए जोश-खरोश के साथ अगले चुनावों की तैयारी करेगी। इसका सबसे बड़ा लाभ तो यह होगा कि एनडीए के सहयोगी अब और संजीदगी से मोदी सरकार का साथ देंगे। इससे प्रधानमंत्री को अपने कार्यक्रम तेजी से लागू करने में मदद मिलेगी। यहां यह सवाल भी उठता है कि एकनाथ शिंदे का क्या होगा? उन्होंने उद्धव के मुकाबले खुद को स्थापित अवश्य किया, पर बाला साहेब का स्वाभाविक उत्तराधिकारी बनना शेष है। अगर वह मुख्यमंत्री नहीं बनते हैं, तो उन्हें आने वाले दिनों में नई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

रही बात विपक्ष की, तो वह भी इस पटखनी के बाद धूल झाड़कर यह कहते हुए खड़ा हो सकता है कि लोकसभा के बाद हुए चार विधानसभा चुनावों में दो हमने भी जीते। प्रियंका गांधी वाड्रा भी वायनाड से चुन ली गई हैं। क्या वह राहुल गांधी के साथ मिलकर कांग्रेस में नई स्फूर्ति का संचार कर सकेंगी? तय है, विपक्ष को झटका लगा है, पर उखड़ती सांस सम्हालने का अवसर अभी भी उसके पास है। लोकतंत्र की यही तो खूबी है कि यहां हरेक के लिए हमेशा 'स्पेस' बना रहता है।

नजरिया

# विश्व में भारत की साख बढ़ाने मोदी की प्रतिबद्धता

*दुनिया में भारत एवं भारतीय लोकतंत्र का गौरव एवं सम्मान दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विश्व नेता बनकर उभरे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका रुतबा लगातार बढ़ा है। विदेशी धरती से मिलने वाले सर्वोच्च नागरिक सम्मानों की एक लम्बी श्रृंखला इस बात का प्रमाण हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की छवि वैश्विक स्तर पर सर्वमान्य नेता के तौर पर स्थापित हुई है और उनकी सोच, नीतियों एवं कार्यक्रमों को विश्व स्तर पर मान्यता मिल रही है। यह भारत के लिये गर्व की बात है। इसी श्रृंखला में अपनी तीन देशों की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को डोमिनिका और गुयाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान और नाइजीरिया का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान मिला है।*

ललित गर्ग

प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में ब्राजील में जी 20 समिट की बैठक के लिए पहुंचे थे और इसके बाद 3 कैरेबियन देशों की यात्रा पर है। कोरोना काल में मानवीय दृष्टि से मदद का हाथ बढ़ाने के लिए डोमिनिका ने प्रधानमंत्री मोदी को 'डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर' और गुयाना ने 'ऑर्डर ऑफएक्सीलेंस' से नवाजा।

भारत के लिये सौभाग्य की बात है कि नरेन्द्र मोदी जैसा महानायक प्रधानमंत्री के रूप में मिला है। वैसे तो दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कई देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है लेकिन इसी सप्ताह उनकी डोमिनिका, गुयाना और नाइजीरिया यात्रा के दौरान उन्हें जो सर्वोच्च सम्मान मिले हैं, वह हर भारतीय को अभिभूत एवं गौरवान्वित कर देने वाले हैं। ये सम्मान उनके व्यापक सोच, मानवीय दृष्टिकोण, कुशल राजनीतिक नेतृत्व और दूरदृष्टि का प्रतिबिम्ब है जिसने वैश्विक मंच पर भारत के उदय एवं उसकी साख को मजबूत किया है। ये सम्मान दुनिया भर के देशों के साथ भारत के बढ़ते संबंधों को भी दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस कुशलता, परिपक्वता एवं दूरदर्शिता से देश का समग्र विकास करते हुए दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर किया, इससे पूरा देश तो आत्मविश्वास से भर ही उठा बल्कि पूरी दुनिया में भारत को लेकर सकारात्मकता, उम्मीदें और भरोसा बढ़ा है।

अब तक विदेशों में कुल 19 बार प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें महाशक्ति कहे जाने वाले देश रूस और अमेरिका के अलावा मालदीव, फिलीस्तीन, इजिप्ट, बहरीन और युएई जैसे मुस्लिम राष्ट्र भी शामिल हैं। इसके साथ ही सबसे ज्यादा बार विदेशी संसद को संबोधित करने का रिकॉर्ड भी मोदी के नाम ही है। मोदी आश्चर्यों की वर्णमाला से गूंथित ऐसा व्यक्तित्व है जिसने अपने हर कीर्तिमान से भारत का मस्तक ऊंचा किया है। ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के पार्लियामेंट को भी प्रधानमंत्री मोदी संबोधित कर चुके हैं। मोदी ने 14 बार विदेशी संसद में वहां के सांसदों को संबोधित किया। अमेरिका में मोदी ने दो बार संसद को संबोधित किया है। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, फिजी, मॉरिशस, युगांडा, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मंगोलिया, अफगानिस्तान और मालदीव की संसद को भी प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह ने 7 बार, इंदिरा गांधी ने 4 बार, जवाहरलाल नेहरू ने 3 बार, जबकि मोरारजी देसाई और पीवी नरसिम्हा राव ने 1-1 बार विदेशी संसदों में संबोधन दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब पापुआ न्यू गिनी पहुंचे थे तो सारे शासकीय प्रोटोकाल को तोड़ कर उस देश के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने न केवल मोदी का स्वागत किया साथ ही एयरपोर्ट पर सबके सामने मोदी के पांव भी छूए। यह अपने आप में अभूतपूर्व है कि विश्व के इतिहास में आज तक कभी भी किसी राष्ट्राध्यक्ष ने किसी दूसरे राष्ट्राध्यक्ष के पांव सार्वजनिक रूप से नहीं छूए हो।

भारत की जनता ने महानायक मोदी को एक नए भारत के शिल्पकार के रूप में देखा। मोदी की हर देश की यात्रा ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय बनी है। बात चाहे अमेरिका यात्रा की हो, वहां राष्ट्रपति जो बाइडेन मोदी गले तो मिले ही साथ ही बाइडेन का यह कहना अपने आप में अद्भुत है कि ''आप तो अद्भुत लोकप्रिय हो। मुझे तो आपके आटोग्राफलेने चाहिए।'' आस्ट्रेलिया के सिडनी में जिस तरह से पूरा स्टेडियम वहां बसे भारतीयों ने ठसाठस भर दिया और पूरा स्टेडियम मोदी-मोदी के नारों से गुंजायमान हो उठा। उसे देखकर तो आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस भी हैरान रह गए। दुनिया के बड़े नेता जहां मोदी को सर आंखों पर बैठा रहे हैं, वहीं भारत में मोदी की लगातार बढ़ती साख एवं सम्मान से समूचा विपक्ष बौखलाया हुआ है। मोदी का जितना विरोध किया जा रहा है, उतनी ही उनकी प्रतिष्ठा एवं जनस्वीकार्यता बढ़ती जा रही है। एक तरह से विरोध उनके लिये वरदान बन रहा है। इस युगनायक पर कीचड़ उछालने की जिस तरह की हरकतें की गई, वर्तमान में वे पराकाष्ठा तक पहुंच गयी है। पर इससे मोदी का वर्चस्व धूमिल होने वाला नहीं है। क्योंकि उनकी राजनीति एवं नीति विशुद्ध है और सैद्धान्तिक आधार पुष्ट है।

आज भारत देश की वैश्विक साख और गरिमा में जो वृद्धि हुई है उसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। विश्व शांति की स्थापना में भारत का योगदान हो या प्रौद्योगिकी के विशाल क्षितिज में लंबी उड़ान, यह सब प्रधानमंत्री की विशाल दृष्टि से संभव हो रहा है। हम सब बदलाव की इस प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देख रहे हैं। यह सौभाग्य से कम नहीं है। मोदी का संपूर्ण व्यक्तित्व एक पाठशाला बन गया है। उनके व्यक्तित्व के कई अनूठे आयाम हम देख चुके हैं, जो हमें आश्चर्यचकित कर देते हैं। उनकी सबसे बड़ी और असाधारण बात है उनके वक्तव्य और भाषण। जितनी स्पष्टता और प्रभावी तरीके से वे अपनी बात रखते हैं वह विलक्षण है। उनकी दूरदृष्टि या विजन बिल्कुल स्पष्ट होता है। उन्होंने लोगों में विश्वास जगाया है कि भारत में आर्थिक विकास करने और दुनिया में अपना प्रभुत्व कायम करने की क्षमता है। कठोर परिश्रम एवं अनुशासित जीवन के प्रति उनके अनुराग ने दुनिया को प्रभावित और प्रेरित किया है। राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ में एक बाल स्वयं सेवक बनने से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक उनका जीवन अनुशासित रहा है। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए, हर पल उत्साह से बिताना और नियमित योग करना उनकी दिनचर्या है। कई अवसर ऐसे आये जब श्री मोदी ने यह सिखाया और प्रयोग करके दिखाया कि कैसे धैर्य और विनम्रता सबसे भरोसेमंद साथी है। इनके सहारे कठिन चुनौतियों से निपटा जा सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी में समय के साथ चलने और समय के पार देखने की अद्भुत क्षमता है। इसीलिए उन्होंने अपने नेतृत्व में जितनी योजनाएं बनाई वे सब वर्तमान को मजबूत बनाते हुए भविष्य को सुरक्षित करने वाली योजनाएं हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत समृद्ध भारत का मिशन पूरा करने और भारत को विश्व की प्रथम 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने के महान लक्ष्य को पूरा करते हुए भारत एक महाशक्ति के रूप में उभरते हुए विश्व नेतृत्व की क्षमताओं को उजागर कर रहा है। मोदी की सभी योजनाओं का उद्देश्य देश को विकसित बनाना और आर्थिक अर्थव्यवस्था को सुधारना है। नागरिकों को अच्छी सुविधाएं, आत्मनिर्भर जीवनयापन के अच्छे विकल्प, अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं, अच्छा रोजगार, बेहतर वातावरण आदि उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री जन धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्किल इंडिया मिशन, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, अमृत योजना, डिजिटल इंडिया मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आत्मनिर्भर भारत ने वर्तमान भारत की तस्वीर बदल दी है। भारतीय लोकतंत्र में एक स्वर्णिम अध्याय शुरू हुआ है और उसमें निरंतर नये-नये आयाम जुड़ते जा रहे हैं जिसे समूची दुनिया आश्चर्य से देख रही है। 'सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास' के मंत्र अब हर नागरिक का सूत्र वाक्य है। मोदी के नेतृत्व में कई परिवर्तनकारी पहल की गई हैं, जिनका भारत पर स्थायी प्रभाव पड़ा है। उनके 'स्वच्छ भारत' अभियान ने पूरे देश में स्वच्छता और सफाई के बारे में जागरूकता बढ़ाई है, जबकि 'मेक इन इंडिया' पहल का लक्ष्य भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदलना है। इसके अतिरिक्त, मोदी के 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम ने देश के डिजिटल बुनियादी ढांचे में काफी सुधार किया है, जिससे प्रौद्योगिकी सभी के लिए अधिक सुलभ हो गई है। दस वर्ष का कुशल देश संचालन, विकास की नयी इबारत लिखना, विश्वमंचों पर भारत की साख को बढ़ाना आदि घटनाओं के साक्षी रहे लोगों का अनुभव है कि इस अवधि में जितना एवं जैसा भारत बना है, उसमें विश्व को नयी दिशा देने की क्षमता है। भारत की जनता उन्हें एक नए भारत के अभ्युदय के आधारस्तंभ के रूप में देख रही है।

(ये लेखक के विचार हैं)

# पूरे विश्व के लिए आदर्श है 'सहकार से समृद्धि' का भारतीय दर्शन

अमित शाह, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री



सहकारिता एक ऐसी व्यवस्था है, जो समाज में आर्थिक रूप से आकांक्षी लोगों को न सिर्फ समृद्ध बनाती है, बल्कि उन्हें अर्थव्यवस्था की व्यापक मुख्यधारा का हिस्सा भी बनाती है। सहकारिता बिना पूँजी या कम पूँजी वाले लोगों को समृद्ध बनाने का एक बहुत बड़ा साधन है। सहकारिता के माध्यम से भारत इन लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

हमारे देश में सहकारिता की एक विस्तृत परंपरा तो रही है, लेकिन आजादी से पहले सहकारिता जिस प्रकार आर्थिक आंदोलन का माध्यम बनी, उसे और भी अधिक ऊर्जा और शक्ति के साथ आगे बढ़ाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में शुरू हुआ। वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकारिता का स्वायत्त मंत्रालय स्थापित कर सहकारिता के लिए अवसरों के सारे बंद दरवाजे खोल दिए। महज तीन वर्षों में देश में सहकारिता को मजबूत बनाने के लिए जितने कदम उठाये हैं, उससे भारत अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ सहकारी क्षेत्र में भी 'विश्वमित्र' बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

अब भारत का सहकारिता आंदोलन एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने जा रहा है। देश 25-30 नवंबर, 2024 को दिल्ली में 'अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) महासभा' और वैश्विक सम्मेलन की मेजबानी करने को तैयार है। आईसीए के 130 वर्ष के इतिहास में यह पहला मौका है, जब भारत इसका आयोजक होगा। इस सम्मेलन से संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का भी शुभारंभ होगा। आईसीए महासभा और वैश्विक सम्मेलन की मेजबानी वैश्विक सहकारी आंदोलन में भारत के नेतृत्व की स्वीकार्यता का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद से निरंतर समाज के पिछड़े, अति पिछड़े, गरीब और विकास की दौड़ में पीछे छूट चुके लोगों के उत्थान की दिशा में कदम उठाये जा रहे हैं। मोदी सरकार मानती है कि यह परिवर्तन सहकारिता आंदोलन को मजबूत किये बिना नहीं हो सकता। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब भारत ने सहकारी आंदोलन के पुनरुत्थान की दिशा में बड़े कदम उठाये हैं। कमजोर पड़ रही सहकारी संस्थाओं के सशक्तीकरण से लेकर उनके व्यापार को सरल बनाना, समितियों में पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए मजबूत प्रशासनिक, नीतिगत और कानूनी उपाय किये गए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'सहकार से समृद्धि' का मंत्र दिया है, जिसका उद्देश्य देश की सहकारी संस्थाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना है। देश में सहकारी तंत्र का विस्तार कर एक नया आर्थिक मॉडल खड़ा किया जा रहा है, जो भारत की अर्थव्यवस्था को पाँच ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को पूरा करने में सहायक साबित होगा। दुनिया के अन्य देशों के लिए यह एक विकास मॉडल के रूप में सामने आएगा।

भारत में प्राचीन काल से ही सहकारिता का एक समृद्ध इतिहास रहा है। इसके संकेत कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी मिलते हैं। दक्षिण भारत में भी 'निधियों' का प्रचलन सहकारी वित्तीय व्यवस्था की झलक प्रदान करता है। पाश्चात्य विचारों से प्रभावित कई अर्थशास्त्रियों ने 21वीं सदी की शुरुआत में ही यह चर्चा प्रारंभ कर दी थी कि सहकारिता का विचार आधुनिक युग में कालबाह्य हो गया है। मेरा यह स्पष्ट मानना है कि भारत जैसे 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में किसी 3 करोड़, 5 करोड़ या 10 करोड़ जनसंख्या वाले देशों का आर्थिक मॉडल उपयुक्त नहीं हो सकता। देश को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए, आर्थिक विकास के सभी मानकों में वृद्धि के साथ-साथ यह आवश्यक है कि 140 करोड़ लोगों की समृद्धि हो, सभी व्यक्तियों को काम मिले और उन्हें सम्मान से जीने का अधिकार भी प्राप्त हो, और यह केवल सहकारिता के माध्यम से ही संभव है। देश के इतिहास में इसके कई उदाहरण भी हैं। अहमदाबाद डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक ने पिछले 100 वर्ष में 100 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है। बैंक न केवल अपने एनपीए को शून्य पर बनाये रखने में सफल रहा है बल्कि उसके पास 6,500 करोड़ रुपये से अधिक की जमाराशि भी है। अमूल भी सहकारी आंदोलन का उल्लेखनीय उदाहरण है। वर्तमान में, इससे 35 लाख परिवार सम्मान और रोजगार प्राप्त कर रहे हैं, और इन परिवारों की महिलाएँ अग्रिम पंक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। परिणामस्वरूप, आज अमूल का वार्षिक कारोबार 80,000 करोड़ रुपये तक पहुँच चुका है। दिलचस्प बात यह है कि इन महिलाओं में से किसी ने भी 100 रुपये से अधिक का प्रारंभिक निवेश नहीं किया था।

सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार ने 60 से अधिक पहलों पर काम शुरू किया है। दशकों की उपेक्षा और प्रशासनिक कुरीतियों के परिणामस्वरूप अधिकांश प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) आर्थिक रूप से कमजोर और निष्क्रिय हो गईं थी। सरकार ने पैक्स के कार्यक्षेत्र में विस्तार के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने का काम शुरू किया। इनके लिए नए बाय-लॉ अपनाने से अब पैक्स डेयरी, मत्स्य पालन, अन्न भंडारण, जन औषधि केंद्र आदि जैसे 30 से अधिक विविध क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने में सक्षम हुए हैं। तीन नई राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्यीय सहकारी समितियों के गठन से सहकारिता का क्षितिज और व्यापक हुआ है। राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड ने विदेशी बाजारों तक सहकारी उत्पादों की पहुंच को सुगम बनाया तो राष्ट्रीय सहकारी जैविक लिमिटेड ने जैविक प्रमाणीकरण और बाजार का मंच तैयार किया। भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड ने उन्नत बीजों की सुलभता सुनिश्चित की है। वित्तीय सहायता, कर राहत और इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम से सहकारी चीनी मिलें समृद्ध हो रही हैं। सहकारी बैंकिंग प्रणाली को मजबूत करने के लिए सहकारी संस्थाओं के पैसे को सहकारी बैंकों में ही जमा करने पर बल दिया गया है। राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस के माध्यम से सहकारी समितियों को पारदर्शी बनाने और प्रक्रिया को आसान बनाने से देश के सहकारी रूप से कम विकसित क्षेत्रों में सहकारी समितियों की पहुंच बनी है। इसके अतिरिक्त सरकार एक समग्र और व्यापक नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति पर भी काम कर रही है।

आईसीए महासभा और वैश्विक सम्मेलन 2024 का मंच भारत के सहकारी आंदोलन द्वारा वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने, आर्थिक सशक्तीकरण, लैंगिक समानता सुनिश्चित करने और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्राप्ति हेतु भारत के अभूतपूर्व प्रयासों को रेखांकित करेगा। सम्मेलन का एक मुख्य एजेंडा एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण है, जो सहकारी समितियों को उभरती चुनौतियों का सामना करने और अवसरों के उपयोग के लिए सशक्त बनाए।

आज जब हम इस ऐतिहासिक आयोजन की मेजबानी करने जा रहे हैं, मैं दुनिया भर के सहकारी नेताओं, नीति निर्माताओं और मानव विकास के पक्षधरों का आह्वान करता हूँ। आइए! हम वैश्विक सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए- सीखने, साझा करने और सहकार की भावना के साथ एकजुट हों। सहकार से समृद्धि के प्रति भारत की प्रतिबद्धता सामूहिक समृद्धि, सातत्यता और साझा प्रगति जैसे मूल्यों पर आधारित उज्ज्वल भविष्य का संकल्प है।

(ये लेखक के विचार हैं)

## कंपनियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए

देश के कानून का उल्लंघन करने वाली कंपनी को अवश्य ही दंडित किया जाना चाहिए। बहरहाल, ऐसे कदम उठाते समय जांच एजेंसियों को यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि वे ना सिर्फ निष्पक्ष रहें, बल्कि निष्पक्ष दिखें भी।

ई-कॉमर्स क्षेत्र की फ्लिपकार्ट और अमेजन जैसी कंपनियों ने भारतीय कानून को तोड़ा हो, तो बेशक उन पर प्रावधान के अनुरूप सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। ये दोनों अमेरिकी स्वामित्व वाली कंपनियां हैं (फ्लिपकार्ट में लगभग तीन चौथाई हिस्सा वॉलमार्ट का है)। भारत के ई-कॉमर्स बाजार का सबसे बड़ा हिस्सा उनके पास ही है। एक अनुमान के मुताबिक 70 बिलियन डॉलर के इस बाजार में फ्लिपकार्ट का हिस्सा 32 और अमेजन का 24 फीसदी है।

खबर है कि प्रवर्तन निदेशालय ने इनके विक्रताओं पर छापा मारा। उसके बाद इन कंपनियों के अधिकारियों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। आरोप है कि इन कंपनियों ने विदेशी निवेश संबंधी कानून का उल्लंघन किया। इस कानून के तहत विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियां विक्रेताओं के बीच भेदभाव नहीं कर सकतीं।

साथ ही ये विक्रेताओं से सामान खरीद कर अपना भंडार नहीं बना सकतीं। अमेजन और फ्लिपकार्ट का कहना है कि उन्होंने किसी कानून का उल्लंघन नहीं किया। मगर ईडी का दावा है कि उसके पास इन कंपनियों के खिलाफ ठोस सबूत हैं।

निर्विवाद है कि हर कंपनी- चाहे वो देशी हो या विदेशी- उसे सख्ती से देश के कानून का पालन करना चाहिए। कोई कंपनी ऐसा नहीं करती, तो उसे अवश्य ही दंडित किया जाना चाहिए। बहरहाल, जांच एजेंसियों को ऐसे कदम उठाते समय यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि वे ना सिर्फ निष्पक्ष हों, बल्कि निष्पक्ष दिखें भी।

इस संदर्भ में यह बात इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि गुजरे वर्षों में ऐसी धारणा (जो संभव है कि निराधार हो) बनी है कि भारत सरकार के कुछ पसंदीदा उद्योग घराने हैं और जब उनके हित किसी विदेशी (या देशी) कंपनी से टकराते हैं, तो जांच एजेंसियां अति सक्रिय हो जाती हैं।

अतीत में वर्तमान सरकार से ही जुड़े रहे कुछ अर्थशास्त्रियों ने इस धारणा को भारत में विदेशी निवेश के रास्ते में मौजूदा रुकावटों में एक बताया है।

यह समय अंतरराष्ट्रीय कारोबार के लिए प्रतिकूल है। इस वर्ष भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में भारी गिरावट आई है। इस हाल में उपरोक्त धारणा को तोड़ना अत्यधिक आवश्यक हो गया है। आशा है, ईडी इस अपेक्षा के प्रति जागरूक होगी।

(आरएनएस)






















रमन आई. टी. आई.
Affiliated By N.C.V.T. & D.G.T. R.N.-6/35/4/2016
बाबा दीप सिंह नगर, वैशाली नगर, भिलाई
कोपा
कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट
पाठ्यक्रम अवधि -1 वर्ष
TALLY & GST FREE
100% JOB ORIENTED
स्टेनो हिन्दी
पाठ्यक्रम अवधि -1 वर्ष
TALLY & GST FREE
ADMISSION OPEN
7773027492, 7389471941
शासन द्वारा छात्रवृत्ति

श्रीकंचनपथ
भिलाई-दुर्ग

ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-
• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544
D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर



## खास खबर

### पर्यावरण जागरूकता अभियानः सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभाव

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में पर्यावरण जागरूकता माह के तहत 19 नवंबर से 18 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। 22 नवम्बर 2024 को इस अभियान की शुरुआत सिंटर प्लांट-3 से की गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग प्रमुख महाप्रबंधक सजीव वर्गीस ने किया। उन्होंने प्लास्टिक के दुष्प्रभावों और इसके विकल्पों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सिंटर प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्ता ने सिंगल यूस प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने पर बल दिया। उन्होंने सिंगल यूस प्लास्टिक दुष्प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। इस सभा में महाप्रबंधक प्रभारी उमा कटोच, महाप्रबंधक प्रवीण, महाप्रबंधक आई वी रमना, महाप्रबंधक एस सी चाँवरिया, महाप्रबंधक आर डी शर्मा, महाप्रबंधक एल सी पी दोड्डी, उप महाप्रबंधक एम यू राव तथा सहायक महाप्रबंधक कैलाश गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर रोड शो का भी आयोजन किया गया। जिसमें ठेका श्रमिक और सुपरवाईजर सहित अन्य अधिकारीगण सम्मिलित थे। सभी ने यह प्रण लिया कि वे प्लास्टिक बैग के बजाय कैन और थर्मस का उपयोग करेंगे। साथ ही प्लास्टिक कप में चाय या अन्य गर्म पेय पदार्थ का सेवन नहीं करेंगे।

### उर्स में की गईं अमन की दुआएं, लंगर में जुटे हजारों अकीदतमंद

**भिलाई।** जामुल के समीपस्थ ग्राम खेदामारा (नवातरिया) की पाक ज़मीं पर आराम फ़रमाने वाले वली हजरत गुलाब शाह रहमतुल्लाह अलैह का 59 वाँ उर्स मुबारक धूमधाम से मनाया गया। मोहम्मदिया यंग कमेटी नवातरिया (खेदामारा) के जानिब से इस आयोजन में हजारों की तादाद में मौजूद जायरीनों ने अकीदत के फूल पेश किए। उर्स में सुबह फ़ज्र की नमाज के बाद कुल की फ़ातिहा हुई। इसके बाद कुरआन ख्वानी हुई। शाम को नमाजे असर के बाद शाही संदल निकाला गया और संदल व चादर आस्ताने आलिया में आस्ताने के खादिम सैयद इमान अली की सरपरस्ती में पेश की गई। इस उर्स मुबारक में मुख्य अतिथि अहिवारा विधानसभा के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा थे। उन्होंने उर्स के मौके पर मौजूद सर्वधर्म के लोगों को मुबारकबाद दी। उर्स कमेटी की मांग पर उन्होंने मंच के सामने डोम शेड निर्माण की घोषणा की। अध्यक्षता कर रहे वक्फबोर्ड छत्तीसगढ़ शासन के सदस्य फ़िरोज खान ने कहा कि वलियों के आस्ताने पर मेलमिलाप और एकजुटता का मंजर पूरी इंसानियत को मजबूत करता है। इस दौरान विशेष अतिथि ग्राम सरपंच मोहिनी पटेल और जनपद सदस्य के प्रतिनिधि अनिल बंजारे सहित पंचों ने भी संबोधित किया। उर्स पाक के व्यवस्थापक शेख अनवर ने सभी मेहमानों का गुलपोशी से इस्तकबाल किया। इस दौरान मुल्क में अमन व सलामती की दुआएं की गईं। वहीं आसपास रहने वाले और दूरदराज से आए अकीदतमंदों ने मजार शरीफमें अकीदत के फूल पेश किए।

# हैदराबाद में कला पारखियों के बीच छत्तीसगढ़ी लोक वाद्यों का जादू जगाया रिखी और उनकी टीम ने

## राष्ट्रपति, पूर्व उप राष्ट्रपति और आरएसएस प्रमुख सहित कई विशिष्टजन हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। हैदराबाद में रविवार को संपन्न हुए राष्ट्रीय लोक मंथन के चार दिवसीय आयोजन में प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने देश भर की कला-संस्कृति बिरादरी के बीच छत्तीसगढ़ी लोकवाद्यों का जादू जगाया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत, छत्तीसगढ़ के संस्कृति मंत्री केदार कश्यप और मध्यप्रदेश के संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी सहित कई विशिष्ट लोगों ने इस आयोजन में भागीदारी दी।

रिखी क्षत्रिय के संग्रहित किए गए लोकवाद्यों की विशेष प्रदर्शनी यहां लोक मंथन में लगाई गई थी। जिसे देश भर से पहुंचे लोगों ने खूब पसंद किया। कला पारखियों और विद्यार्थियों ने इन लोक वाद्यों के बारे में रिखी क्षत्रिय व उनके समूह से जानकारी ली। वहीं रिखी क्षत्रिय व उनके समूह ने यहां तीन दिन तक अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

रिखी के साथ इस दल में रामकुमार निषाद, भोलाराम, उग्रसेन, देवदास, रामकुमार पाटिल, डोरेलाल, कुलदीप सार्वा, दिनेश वर्मा, अजित, राजेश, कमल ,शिवम, सुनील ,नवीन ,प्रदीप ,प्रमोद ,पारस ,संजीव कुमार ,भिमेष और वेद प्रकाश शामिल हैं।





### कुलदीप ने राष्ट्रपति के समक्ष गाया छत्तीसगढ़ का देवी गीत '' मईया जय हो दंतेश्वरी''

लोक मंथन के आयोजन में 22 नवम्बर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आगमन हुआ। इस दौरान रिखी क्षत्रिय के दल में शामिल और बालोद के ग्राम रेंगाकठेरा निवासी कुलदीप सार्वा ने दीप प्रज्वलन के दौरान छत्तीसगढ़ का देवी गीत गाकर समा बांध दिया। राष्ट्रपति द्वारा दीप प्रज्वलन एवं देवी मां को हार पहनाने के दौरान कुलदीप ने यहां '' हो मईया जय हो दंतेश्वरी मईया जय हो दंतेश्वरी तोरे जस अगम अपार हो मां '' गीत प्रस्तुत किया। कुलदीप ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय रिखी क्षत्रिय, काशी शर्मा , हेमंत माहुलिकर एवं समस्त संस्कार भारती परिवार को दिया है।

### तीनों दिन लगातार प्रस्तुति हुई रिखी क्षत्रिय और उनके समूह की

राष्ट्रीय लोक मंथन आयोजन में सबसे अनूठी बात यह रही कि छत्तीसगढ़ से गए लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय और उनके समूह को तीनों दिन प्रस्तुति का अवसर मिला। यहां पहुंचने वाले कला के पारखी लोगों को आम जनता ने रिखी के संग्रह को खूब पसंद किया और लोक वाद्यों में खूब दिलचस्पी दिखाई। रिखी क्षत्रिय ने बताया कि यहां सभी सांस्कृतिक दलों के लिए प्रस्तुति पहले से तय थी लेकिन उनके प्रस्तुतिकरण को वहां लोगों ने इतना पसंद किया कि आयोजकों ने लगातार तीन दिन प्रस्तुति के लिए अवसर दिया। छत्तीसगढ़ के संस्कृति मंत्री केदार कश्यप और मध्यप्रदेश के संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने रिखी क्षत्रिय व उनके समूह का सम्मान किया।

# एसएमएस-3 में चलाया पर्यावरण जागरूकता अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में इस वर्ष पर्यावरण जागरूकता माह के तहत 19 नवंबर से 18 दिसंबर 2024 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा के महत्व और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करना है। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का आयोजन करके सभी कर्मचारियों, आम नागरिकों के बीच पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है।

हमारी भूमि हमारा भविष्य और एक पृथ्वी एक जीवन की थीम के साथ, टीम एसएमएस-3 ने पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की शपथ लेते हुए मिशन लाइफशपथ के माध्यम से पर्यावरण माह के इस महीने भर चलने वाले उत्सव का उद्घाटन किया।

उद्घाटन के पश्चात, मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित जनों को प्रेरक संदेश दिया। इसके साथ ही इस अवसर पर मेसर्स इनोमोटिक्स और मेसर्स पीजीईपीएल के साइट इंचार्ज एवं विभाग के अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने भी अपने विचार साझा किए।

स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में पर्यावरण जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रमों की शुरुआत 22 नवम्बर 2024 को मिशन लाइफ शपथ और पर्यावरण माह समारोह के उद्घाटन के साथ हुई, जो 11.00 बजे ध्वजारोहण क्षेत्र के पास आयोजित किया गया। इसके बाद 23 नवम्बर 2024 को पर्यावरण संरक्षण जागरूकता के लिए रैली का आयोजन किया गया। जो 10.30 बजे डब्ल्यूबी-5 से कैंटीन तक रैंप के नीचे निकाली गई। साथ ही, कैंटीन में भोजन की बर्बादी कम करने के लिए भी जागरूकता अभियान चलाया गया। 26 नवम्बर 2024 को हमारी भूमि हमारा भविष्य पर एक बहस आयोजित की जाएगी, जो 03.00 बजे कॉन्फ्रेंस हॉल में होगी। अगले दिन, 27 नवम्बर 2024 को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जो सड़क के किनारे (डब्ल्यूबी-5 कोने से बीओएफ रैंप की ओर) सुबह 11.00 बजे शुरू होगा। 27 नवम्बर को ही सभी कर्मचारियों के लिए पर्यावरण सुरक्षा पर एक प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की जाएगी, जो 03.00 बजे कॉन्फ्रेंस हॉल में होगी। 3 दिसम्बर 2024 को पर्यावरण इवेंट के रूप में कम से कम दो टीमों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मेसर्स इनोमोटिक्स और मेसर्स पीजीईपीएल के टीम मेम्बर्स शामिल होंगे। यह आयोजन 11.00 बजे ध्वजारोहण क्षेत्र के पास और 10 मीटर बीओएफस्तर पर होगा।

स्टील मेल्टिंग शॉप-3 का पर्यावरण माह का अंतिम कार्यक्रम 17 दिसम्बर 2024 को होगा। जिसमें पर्यावरण माह समारोह का समापन, पुरस्कार वितरण और विभागाध्यक्ष के संदेश के साथ किया जाएगा।

# कलेक्टर टीएल के शिकायत पर नगर निगम ने बघेरा में की कार्रवाही

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड नबर 56, बघेरा में गांधु नामक द्वारा नाली क्षेत्र के उपर स्थायी / अस्थायी निर्माण कार्य करते हुए नाली क्षेत्र को बंद कर अतिक्रमण कर कब्जा किया गया था। जिसकी लेकर मोहल्लेवासियों ने कलेक्टर टीएल शिकायत में भी की गई थी। जिसके आधार पर नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर 56, बघेरा में कार्रवाही स्थल पहुँचकर टीम ने कब्जा मुक्त कर निराकरण किया गया।शनिवार को 56 बघेरा में संतोष पारधी नामक द्वारा नाली क्षेत्र के उपर स्थायी / अस्थायी निर्माण कार्य करते हुए नाली क्षेत्र को बंद कर अतिक्रमण कर कब्जा किया गया था। जिससे नाली क्षेत्र बाधित हो रही है, उक्त निर्माण कार्य के संबंध में अनावेदक को इस कार्यालय से नियमानुसार नोटिस जारी की गई,परंतु अनावेदक द्वारा निर्माण के संबंध में वैध दस्तोवज इस कार्यालय में प्रस्तुत नहीं की गई है। उमेश पात्रे सहित पुलिस बल मौजूद रहें।कार्रवाही के दौरान अधिकारी द्वारा अतिक्रमण कर्ता को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि दुबारा नाली के ऊपर कब्जा कर अतिक्रमण करते पाया गया।

# स्वास्थ्य परीक्षण में नि:शुल्क 104 लोगों ने उठाया विशेष स्वास्थ्य शिविर का लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमाक्षेत्र अंतर्गत कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश एवं शिविर के नोडल अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में वार्ड नंबर 13 मोहन नगर में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना,दाई-दीदी क्लिनिक के माध्यम से विशेष कैम्प के तौर पर घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविधालय में एक दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमे नगर निगम दुर्ग द्वारा संचालित दाई-दीदी क्लीनिक को विशेष रूप से महाविद्यालय की शिक्षिका एवं छात्राओं के लिए लगाया गया। जहां महिला चिकित्सक एवं महिला स्टाफद्वारा




महाविद्यालय के छात्राओं का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया,शिविर पर महिला चिकित्सक होने से महाविद्यालय की छात्राओं ने नि:संकोच अपनी समस्या बताई. जिस पर उपस्थित डॉ. श्वेता कृपलानी द्वारा परामर्श एवं उपचार किया गया।शिविर में मौजूद रहें ए.पी.एम मनीष यादव डॉक्टर - डॉ. श्वेता कृपलानी,लैब टेक्निशियन राजेश्वरी सिन्हा नर्स-चंद्रकला फ़र्मासिस्ट विधि साहू शिविर पर उपस्थित रहे।

इस शिविर के माध्यम से महाविद्याल के कुल 104 छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जिसमे कुल 68 छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने लैब टेस्ट के माध्यम से अपना ब्लड जांच करवाया जिसमे 10 ब्लड ग्रुप एवं 30 हीमोग्लोबिन जांच छात्राओं का किया गया तथा 06 शिक्षकाओं ने थाइरॉइड प्रोफ़ाइल एवं 12 विटामिन, ष्ठ3 जांच करवाया। कुल 99 छात्राओं को नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गयी और इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ प्राप्त किया । इस स्वास्थ्य शिविर के आयोजन हेतु महाविद्यालय के उप प्रधानाचार्य श्रीमती नीतू सिंह जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा, तथा इसी प्रकार प्रतिमाह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में किए जाने हेतु सुनिश्चित किया गया।शिविर के अवसर पर घनश्याम सिंह आर्य कन्या महा विद्यालय में लगा एक दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर,99 छात्राओ को निशुल्क दवाइया उपलब्ध करवाई गई।कॉलेज के कर्मचारी व छात्राओं ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर के दौरान डॉ. श्वेता कृपलानी ने कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए एवं नियमित रूप से परीक्षण कराते रहना चाहिए।साथ ही शिविर के माध्यम से विद्यालय के 104 छात्राओं व शिक्षकाओं ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल भिलाई में 40 वां वार्षिक खेल दिवस समारोह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, भिलाई में 40 वाँ वार्षिक खेल-दिवस समारोह विद्यालय के मरोदा सेक्टर स्थित हरीतिमा युक्त प्रांगण में 23 नवम्बर 2024 को अपनी गरिमा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अन्बलगन पी., आई.ए.एस., सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ सरकार रहे।



इस अवसर पर अन्य विशिष्ट अतिथियों के रूप में अलरमेलमंगई डी. आई.ए.एस., सचिव, श्रम विभाग, छत्तीसगढ़ सरकार, पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक, मानव संसाधन, भिलाई इस्पात संयंत्र, चेयरमैन स्टील एजुकेशन सोसायटी, भिलाई, सप्तऋषि सेनगुप्ता, सदस्य एसएमसी, डीपीएस भिलाई व महाप्रबंधक (आरएसएम) भिलाई स्टील प्लांट, भिलाई, दीपक झा, आई.पी.एस., आई.जी., रायपुर, आई.पी.मिश्रा, अध्यक्ष, गंगाजली शिक्षण समिति, यशपाल सिंह, आई.पी.एस., पुलिस अधीक्षक, मानपुर-मोहला, अभिजित सिंग, कमांडेंट, सी.आई.एस.एफ श्वेता सिंग, श्रीमती गोपा सेनगुप्ता, श्रीमती जयती सेनगुप्ता, रेणु वशिष्ठ, श्रीमती सेजल साहू, अर्चना सिंग, डॉ. दीपा झा, संजना सिंग, डॉ. परीषा परिहार, विभा झा, सबा अंजुम एवं पालक शिक्षक समिति के सदस्य, समाचार-पत्रों के संवाददाता, अन्य गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में अभिभावक गण उपस्थित थे।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत वशिष्ठ ने उपस्थित जन-समुदाय का हार्दिक अभिनंदन करते हुए स्वागत भाषण प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि का परिचय दिया। धैर्य, उत्साह एवं खिलाड़ी-भावना से अभिप्रेरित क्रीडा-शिक्षकों द्वारा कराई गई तैयारी, एन.सी.सी. ग्रुप एवं विद्यालय बैंड के माध्यम से इस कार्यक्रम का आगाज़ किया गया। तत्पश्चात् विद्यालय के क्रीडा-विभाग के प्रभारी नितिन नायर द्वारा विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में विद्यालय के विद्यार्थियों की उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

इसके पश्चात् मुख्य अतिथिअन्बलगन पी., आई.ए.एस., सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ सरकार ने ध्वजारोहण कर समारोह के शुभारंभ की विधिवत् घोषणा की। तदुपरान्त विद्यालय के खेल सचिवों के द्वारा मशाल प्रज्वलित कर क्रीडांगन की परिक्रमा की गई और प्राचार्य महोदय एवं विशिष्ट सम्माननीय अतिथि द्वारा शांति के प्रतीक श्वेत कपोतों को उड़ाकर तथा छात्रों द्वारा गुब्बारे आकाश में छोड़कर क्रीडा-दिवस का हर्षोल्लास से शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि महोदय ने प्राचार्य श्री परशांत वशिष्ठ के साथ मार्चपास्ट के लिए तैयार छह सदनों की टुकड़ियों का निरीक्षण किया, जिसके साथ ही आत्मविश्वास से भरपूर कदम से कदम मिलाते सदनों के सैन्य दलों ने नयनाभिराम मार्चपास्ट प्रस्तुत कर सबकी प्रशंसा बटोरी। सर्वश्रेष्ठ मार्चपास्ट की ट्राफी कावेरी सदन को प्रदान की गई। कक्षा के.जी.-1, के.जी.-2 एवं पहली के 750 नौनिहालों ने रंगारंग एवं गतिमय फिल्ड डिस्प्ले 'वन्दे-मातरम' के माध्यम से 'अनेकता में एकता, भारत की विशेषता'-सूक्ति को चरितार्थ करते हुए भारतीय संस्कृति का महत्व बताकर एकता का संदेश दिया।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### डॉ. अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य पद पर हुईं पदोन्नत

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की प्रभारी प्राचार्य एवं आहरण-संवितरण अधिकारी प्रो. डॉ. अनुसुइया अग्रवाल डी. लिट. को उच्च शिक्षा विभाग, रायपुर द्वारा प्राचार्य पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। उन्हें स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद में प्राचार्य के रूप में नियुक्त किया गया। उन्होंने 16 नवंबर 2024 को इस पद का कार्यभार ग्रहण किया।

डॉ. अनुसुइया के सम्मान में 19 नवंबर 2024 को महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अजय राजा, डॉ. रीता पांडेय, श्रीमती करुणा दुबे, मनोज शर्मा, और शोधार्थी चंद्रशुभम ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए भावपूर्ण उद्गार व्यक्त किए। डॉ. अनुसुइया ने अपनी प्राचार्य जिम्मेदारी सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र श्रीमती करुणा दुबे को सौंपी, जिन्होंने डॉ. अनुसुइया को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। विदित हो कि स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद गत वर्ष से इस जिले में संचालित है। यह इस महाविद्यालय का दूसरा वर्ष है। जो शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के मिनी स्टेडियम के निकट स्थित पुराने भवन में संचालित हो रहा है।

यह महाविद्यालय पूर्णत: अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय है। तथा यहां पर स्नातक स्तर पर विज्ञान, वाणिज्य, एवं कला की कक्षाएं संचालित हो रही है। पूर्णत: कुशल एवं पारंगत 11 अतिथि व्याख्याता, क्रीड़ा अधिकारी ग्रंथपाल सहित तीन सहायक प्राध्यापक कार्य सहयोग हेतु पदस्थ है। गत वर्ष महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत था,जो इसकी उत्कृष्टता को दर्शाता है। डॉ. अनुसुइया के पदभार ग्रहण करने पर विधायक योगेश्वर राजू सिंहा, महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, साहित्यकार, और विद्यार्थीगण ने उन्हें बधाई दी। जनभागीदारी समिति के सदस्यों ने कहा कि पूर्णकालिक प्राचार्य के नेतृत्व में यह महाविद्यालय और अधिक प्रगति करेगा। डॉ. अनुसुइया की नियुक्ति से महाविद्यालय को नए आयाम प्राप्त होंगे, जिससे इसकी पहचान जिले में और सशक्त होगी।

### रक्तदान शिविर संपन्न

**रायपुर।** रविवार 24 नवंबर को हजरत मोहम्मद पैगंबर की लाडली बेटी हजरत फातिमा जहरा की याद में मिशन ए अहलेबैत चरोदा एवम एचडीएफसी बैंक के संयुक्त की जानिब से जयदीप बल्ड बैंक मोवा रायपुर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अनवर अली जी ने अपना 71वां एबी निगेटिव बल्ड डोनेट किया व हस्सान, सद्दाम, अहसान, अरमान, इलियास, जिशान, मन्नान, शहादत, एजाज, अब्दुल, जुबेर, जावेद, इजहार, महबूब एवं सभी साथियों सहित कुल 28 लोगों ने अपना ब्लड डोनेट किया। सचिन खम्परिया एवं नीरज साहू ने बताया कि एचडीएफसी बैंक के स्पेशल मुहिम परिवर्तन के तहत सभी ब्लड डोनर के लिये स्पेशल गिफ्ट एवं जयदीप ब्लड बैंक के ओर से प्रमाण पत्र भेट किया गया।

### पर्यटकों के लिए सतरेंगा बनी आदर्श जगह

**कोरबा।** वनविभाग और प्रशासन के द्वारा विकसित सतरेंगा पर्यटकों के लिए पहली पसंद बना हुआ है। ठंड के मौसम में प्रकृति का दर्शन करना एक अच्छा अनुभव है। सैर-सपाटे के साथ वनभोज करने के लिए यहां काफी संख्या में लोग पहुंच रहे है। महादेव पर्वत की खूबसूरती से भरा हुआ है, जो बादलों की चादर में लिपटा हुआ है। यह मनमोहक दृश्य किसी हिल स्टेशन से कम नहीं है।

सतरेंगा की यह प्राकृतिक छटा और ठंडी हवा निश्चित रूप से पर्यटकों को आकर्षित कर रही है। इस मौसम का फायदा उठाते हुए, लोग यहाँ आकर न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकते हैं, बल्कि शांतिपूर्ण वातावरण में समय बिता सकते हैं। इसलिए, अगर आप ठंड के दिनों में एक उत्कृष्ट अनुभव की तलाश कर रहे हैं, तो सतरेंगा आपका अगला ठिकाना हो सकता है। सतरेंगा, कोरबा जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर स्थित है, को छत्तीसगढ़ का मिनी गोवा कहा जाता है। यह पिकनिक स्थल अपनी विशेषताएँ और सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है। सतरेंगा में पिकनिक मनाने के साथ-साथ आप स्पीड बोटिंग, सामान्य बोटिंग और घुड़सवारी जैसी गतिविधियों का भी मजा ले सकते हैं। यहां आपको फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की सुविधा भी मिलती है, जहां पानी के बीच बैठकर भोजन का आनंद लेना एक अलग अनुभव है। बोटिंग के दौरान, आप बांगो जलाशय में स्थित कई छोटे टापुओं के नजदीक जाकर उन्हें देख सकते हैं, जो स्थिति को और भी रोमांचक बनाता है।

# वर्तमान समय तकनीकी एवं डिजिटल व्यापार का समय : प्रवीण खण्डेलवाल

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** ०श्रीकंचनपथ न्यूज
**रायपुर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि बिलासपुर में छतीसगढ़ व्यापार सम्मेलन एवं कैट का प्रादेशिक दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद चांदनी चौक नई दिल्ली एवं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री माननीय प्रवीण खण्डेलवाल जी थे। अति विशिष्ठ अतिथि कैट के चेयरमेन बृजमोहन अग्रवाल थे। क्रार्यक्रम की अध्यक्षता कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी जी थे। विशिष्ठ अतिथि कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेन्द्र गांधी जी, कैट के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी , कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष राजू सलूजा , एवं बिलासपुर प्रभारी राकेश ओचवानी थे। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी ईकाइयों के पदाधिकारी शामिल हुए।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि सर्वप्रथम दानवीर भामाशाह एवं महालक्ष्मी जी प्रतिमा पर मालर्यापन कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई। तत्पश्चात् कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं व्यापारियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद चांदनी चौक नई दिल्ली एवं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री माननीय प्रवीण खण्डेलवाल ने अपने उद्बोधन में भविष्य के व्यापार पर आगाह करते हुए कहा कि समय के साथ अपने व्यापार में बदलाव कर डिजिटल करना होगा, अन्यथा आपका व्यापार भविष्य में पिछड़ जाएगा, उन्होंने एचएमटी घड़ी कम्पनी, नोकिया मोबाइल कम्पनी व कोडक फ़िल्म रील कम्पनियों का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने समय के साथ अपने व्यापार में बदलाव नही किया और आज वे कम्पनियां इतिहास बन गयी है। उन्होने आगे कहा कि वर्तमान समय तकनीकी एवं डिजीटल व्यापार का समय है। जिससे कि हम अपने मोबाईल व्हाट्सप्प व्यापार से कर सकते है। जिसके कि लिए किसी दुकान की आवश्यकता नहीं होती है। आज बडी-बडी कम्पनीयॉ जैसे कि अमेजान, फ्लिपकार्ट एवं जैमोटो जैसी कम्पनीयॉ मोबाईल के माध्यम से अपना व्यापार करती है। ये कम्पनीयां किसी भी वस्तुओं का उत्पादन नहीं करती है। फिर भी करोड़ों रूपये का व्यापार करती है। हमे भी इस तकनीक का इस्तेमाल कर व्यापार करना चाहिए।

कैट राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी जी ने कहा कि आज व्यापार में महिला उधमियों का विशेष योगदान है। आज देश के लगभग साढे सात लाख महिला उधमी उनसे जुडे हुए जो ट्रेड फेयर के माध्यम से देश- विदेश में अपने उत्पाद का विक्रय करते है। हर घर से एक महिला उधमी होने चाहिए। महिलाओ का व्यापार करने से परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत रहती है। महिलाओ का उधम सशक्तीकरण किया जाना चाहिए। जिससे की वह आत्मनिर्भर हो सके। युवा वर्ग व महिलाओं को आगे आकर व्यापार में सहभागिता निभानी चाहिए।

उपरोक्त कार्यक्रम में अमर पारवानी, जितेंद्र दोशी, मगेलाल मालू, परमानंद जैन, वासु मखीजा, सुरिंद्रर सिंह, राकेश ओचवानी, मोतीलाल सचदेव, महेश खिलोसिया, नरेश पाटनी, प्रीतपाल सिंह बग्गा, नागेन्द्र कुमार तिवारी, सतीश श्रीवास्तव, मोहन वल्र्यानी, महेन्द्र बागरोडिया, विक्रांत राठौर, परविन्द्रर सिंह, सर्वेश दौलतानी, शैलेंद्र शुक्ला, बी. एस. परिहार, अमित प्रजापति, यशवंत पटेल भिलाई से ज्ञानचंद जैन, दिनेश सिंघल, सुरेश रत्नानी, मनेन्द्रगढ से कमल पोद्दार, भाटापारा से कमलेश कुकरेजा एवं अन्य व्यापारीगण आदि।

# बोरियाखुर्द में 21 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 29 से



विधायक साहू ने महायज्ञ के लिये किया भूमि पूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में 29 नवम्बर से 01 दिसम्बर तक बोरियाखुर्द के खेल मैदान में आयोजित 21 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं नि:शुल्क संस्कार महोत्सव आयोजित होगा। इसका भूमिपूजन व ध्वजपूजन 24 नवम्बर को रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू द्वारा गायत्री परिवार के वरिष्ठ प्रतिनिधी दिलीप पाणिग्रही, श्याम बैस, सदाशिव हथमल, लच्छुराम निषाद, कार्यक्रम संयोजक मोहनलाल साहू, आयोजक ऋषि साहू के साथ विधि विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया।

यज्ञाचार्य ने बताया कि भूमि का अच्छे व बुरे संस्कार मनुष्य के जीवन को प्रभावित करते हैं। यज्ञ में पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, कर्णछेदन, विद्यारंभ, दीक्षा, यज्ञोपवीत, विवाह, जन्मदिवस, विवाहदिवस इत्यादि विविध संस्कार नि:शुल्क संपन्न होंगे। रायपुर ग्रामीण के विधायक साहू ने कहा कि गायत्री मंत्र से मनुष्य में सद्बुद्धि का विकास और यज्ञ से वातावरण का परिशोधन व मानव मात्र का कल्याण होता है। गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा चलाये गये सप्तसूत्रीय आंदोलन से आज जन-जन प्रभावित है। उनके विचारों पर चलने से मानव में देवत्व का उदय-धरती पर स्वर्ग का अवतरण तथा युग निर्माण अवश्य होगा। गायत्री परिवार आज हर जगह सामाजिक समरसता का कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम के संयोजक मोहनलाल साहू व आयोजन मण्डल से ऋषि साहू ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिवस दिनांक 29 नवम्बर को दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे के मध्य सद्गुरुज्ञान गंगा शोभा यात्रा एवं भव्य गंगाजल कलश यात्रा, कलश स्थापना, आद्य शक्ति, युग शक्ति पर संगीत व प्रवचन, प्रसाद वितरण होगा। द्वितीय दिवस 30 नवम्बर को प्रात: 8 बजे दोपहर 2 बजे तक देव पूजन, यज्ञ का ज्ञान-विज्ञान संदेश, गायत्री महायज्ञ एवं विविध संस्कारो का नि:शुल्क आयोजन तथा शाम 4 बजे शाम 6 बजे तक संगठनात्मक कार्यकर्ता गोष्ठी, नारी शक्ति सम्मेलन, गीत-संगीत, प्रज्ञा प्रवचन, नारी सशक्तिकरण पर विशेष उद्बोधन, राष्ट्र जागरण, दीप महायज्ञ होगा। कार्यक्रम के अंतीम व तृतीय दिवस 1 दिसम्बर को प्रात: 6 बजे ध्यान साधना, प्रज्ञायोग तथा प्रात: 8 बजे से दोपहर 2 बजे गायत्री महायज्ञ, विविध संस्कार, पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण होगा।

# सैकड़ों बच्चों ने नवांगी पूजा की सिखी बारीकियां

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आचार्य जिनमणि प्रभ सूरीश्वर की प्रेरणा से प्रति रविवार को बच्चों के मन मस्तिष्क में सुसंस्कार के बीजारोपण करने सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में सकारात्मक पहल करते हुए बच्चों को प्रभु नवांगी पूजन, देववंदन विधि सिखाई जाती है। अनुमोदना स्वरूप बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है।

सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि इस रविवारीय सत्र में बच्चों को पूजा हेतु चंदन घिसना सिखाया गया। नवांगी पूजा में चंदन का उपयोग किया जाता है। शुद्ध चंदन के मुठिया को पत्थर की सिल पर घिसा जाता है। घिसे चंदन को छोटी कटोरी में लेकर परमात्मा के 9 अंगों की पूजा की जाती है। इसके लिए प्रात: से ही बच्चे पूजन के वस्त्र जैन संस्कृति के परिचायक धोती दुप्पटा पहन कर आते हैं, तथा अपने मधुर कंठ से प्रभु भक्ति के श्लोक, नवांगी पूजन के दोहों की भाव पूर्ण अभिव्यक्ति से संपूर्ण मंदिर परिसर भक्ति रस से ओतप्रोत हो जाता है। यही नहीं इस प्रयास से बच्चो के माता पिता भी प्रात: से ही पूजन में आने लगे हैं।

ट्रस्टी निलेश गोलछा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा भावी पीढ़ी को संस्कारित करने रात्रि धार्मिक पाठशाला का भी संचालित हो रही है। जल भरी सम्पुट पत्र मां , युगलिक नर पूजन , ऋषभ चरण अंगुठडो दायक भवी जल अंत के पवित्र आत्म कल्याणकारी श्लोकों के साथ जब एक साथ सभी बच्चों ने सीमंधर स्वामी जिन मंदिर में प्रभु प्रतिमा के अंगूठे की पूजा से 9 अंगों की पूजा आरम्भ की फिर घुटने, कलाई, कंधा, शिखा, मस्तक, कंठ, हृदय व नाभि की श्लोकों के साथ चंदन पूजा कर आत्मिक शीतलता हेतु पूजा करी। ट्रस्टी डॉ योगेश बंगानी ने बताया कि आज 106 बच्चों को जिनप्रतिमा के 9 अंगों के पूजन की विधि हेतु चंदन मुठिया घिसने की जानकारी देकर नवांगी पूजा कराई गई, जैन धर्म में ही भगवान की प्रतिमा में भक्तों द्वारा सीधे पूजन का विधान है। बच्चों को पुरस्कृत किया गया । महेन्द्र कोचर ने आगे बताया कि नवांगी पूजा के साथ ही चारों दादागुरुदेव के सम्मुख विधिपूर्वक गुरुवंदन की प्रक्रिया सिखाई गई, बच्चों ने दादागुरुदेव का विधिपूर्वक खमासमना देकर वन्दन किया। अंत में दादागुरुदेव इक्तिसा का पाठ किया गया।



# विकसित भारत चैलेंज युवाओं को सशक्त बनाने की पहल



**रायपुर।** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार ने विकसित भारत यंग लीडर्स डाइअलॉग (विकसित भारत युवा नेता संवाद) के अंतर्गत विकसित भारत चैलेंज का शुभारंभ किया है। यह पहल राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 का हिस्सा है और इसका उद्देश्य युवाओं को भारत के विकास के लिए अपने विचारों और प्रतिभा को प्रस्तुत करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करना है।

अर्पित तिवारी, जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र संगठन, छत्तीसगढ़ ने कहा, यह चैलेंज केवल एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह युवाओं के लिए एक मंच है, जहां वे अपने विचार साझा कर सकते हैं और भारत के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की दृष्टि को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कुशल चंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ कोच, भारतीय खेल प्राधिकरण, रायपुर ने कहा, यह प्रतियोगिता युवाओं को स्थानीय स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक अपनी क्षमता को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती है। यह उन्हें प्रेरित करती है कि वे राष्ट्र निर्माण में एक सक्रिय भूमिका निभाएं।

### युवाओं के लिए मंच और प्रेरणा

विकसित भारत चैलेंज युवाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करता है, जहां वे अपने विचार और प्रतिभा को सीधे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ साझा कर सकते हैं। प्रतिभागियों को खेल, सिनेमा, उद्योग और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों के साथ बातचीत करने का भी अवसर मिलेगा। यह बातचीत युवाओं को प्रेरित करेगी और उन्हें नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्र निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करेगी। यह प्रतियोगिता जिला स्तर, राज्य स्तर, और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाएगी, जिससे प्रतिभागियों को अपने विचारों को प्रस्तुत करने और उन्हें परिष्कृत करने का अवसर मिलेगा।

### प्रतियोगिता के चरण और समय-सारणी

**विकसित भारत चैलेंज चार चरणों में आयोजित किया जाएगा**

**चरण 1: ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता**
आरंभ तिथि: 5 दिसंबर 2024
समाप्ति तिथि: 10 दिसंबर 2024
प्रतिभागी मेरा भारत प्लेटफॉर्म पर भारत के विकास से जुड़े विषयों पर आधारित प्रश्नों का उत्तर देंगे।

**चरण 2: निबंध/ब्लॉग लेखन प्रतियोगिता**
आरंभ तिथि: 12 दिसंबर 2024
समाप्ति तिथि: 20 दिसंबर 2024
चरण 1 के विजेता टेक फॉर विकसित भारत और युवाओं को सशक्त बनाना विकसित भारत के लिए जैसे विषयों पर निबंध लिखेंगे।

**चरण 3: राज्य-स्तरीय प्रस्तुतियाँ**
आरंभ तिथि: 3 जनवरी 2025
समाप्ति तिथि: 5 जनवरी 2025
राज्य स्तर पर प्रतिभागी विकसित भारत विज़न पिच डेक्स के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

**चरण 4: राष्ट्रीय चैम्पियनशिप**
तिथियाँ: 11-12 जनवरी 2025
विजेता टीमें नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में प्रतिस्पर्धा करेंगी और अपनी दृष्टि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष प्रस्तुत करेंगी।

# एनसीसी से नेतृत्व क्षमता विकसित होती है-मोहित

**राजनांदगांव।** स्थानीय स्टेट हाई स्कूल के प्रांगण में संयुक्त रूप से 76वां एनसीसी दिवस समारोह मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक रहे। मुख्य अतिथि द्वारा एनसीसी की शपथ दिलाई गई, जिसमें राष्ट्रीय एकता और अनुशासन की शपथ कैडेट्स ने ली। स्वच्छता का शपथ पार्षद शिव वर्मा ने दिलाया। वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन सेकेंड अफसर नेवल चंद्रकांत बल्देव प्रसाद मिश्र ने किया।

मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा एनसीसी से नेतृत्व क्षमता का गुण विकसित होता है, जो जिंदगी के हर क्षेत्र में काम आता है और सिर्फआर्म्स फोर्स में ही नहीं सामाजिक या अन्य क्षेत्रों में भी एनसीसी की ट्रेनिंग काम आती है। भर्ती परीक्षाओं में एनसीसी कैडेट्स की शारीरिक दक्षता अन्यों की तुलना में अधिक होती है। फौज और अन्य सशस्त्र बलों में, प्रशासनिक क्षेत्रों में उच्च पदों पर प्रशिक्षित एनसीसी कैडेट्स अपनी सेवा दे रहे हैं। मैं 76वें एनसीसी दिवस पर अपनी शुभकामनाएं कैडेट्स को देता हूं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रकाश यादव, भूषण साहब, अजय शुक्ला, सूबेदार सुजात चंद्र, नायर सर, जसवंत सर, अनिल शर्मा, जोगिंदर सिंह, बीडी यादव, संजय शितोले, एनसीसी अधिकारी चंद्रकांत चंद्राकर, सुनील भागवत, जीडी वैष्णव, भूपेंद्र जोगी, लेखा प्रसाद, उर्वासा तारा ठाकुर, सनत ठाकुर, वर्षा कुमारी सहित कैडेट क्लब के संयोजक आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव, अध्यक्ष अमित चंद्रवंशी, सचिव संदीप जायसवाल, आशीष डोंगरे, सफीक अहमद, तरुण जाटव, राहुल देवांगन, समीर देवांगन, प्रियेश भारद्वाज, किशोर देशमुख, नवीन शर्मा, चंद्रहास साहू, जितेंद्र साहू, शुभम भोईर, पूजा ठाकुर, उमेश साहू, संतोष साहू, अतुल जगाने, काजल साहू, सरिता साहू, प्रदीप वर्मा सहित बड़ी संख्या में पूर्व कैडेट उपस्थित थे।

















# क्या लगातार पानी पीने से कंट्रोल में रहता है ब्लड प्रेशर?



दिनभर की भागदौड़ और काम के चक्कर में हम सही तरह अपना ख्याल नहीं रख पाते हैं। जिसकी वजह से कई समस्याएं हो सकती हैं। ब्लड प्रेशर भी दिन में कई बार कम-ज्यादा होता रहता है। यह नॉर्मल प्रक्रिया है। जिससे दिल, दिमाग और फेफड़ों को पर्याप्त खून और ऑक्सीजन मिलती है। शरीर के पोजिशन के हिसाब से भी बीपी खुद को एडजेस्ट करता रहती है। ब्लड प्रेशर बढ़ना या घटना दोनों ही खतरनाक हो सकता है। इससे हार्ट डिजीज, स्ट्रोक, किडनी रोग हो सकता है। हालांकि, लाइफस्टाइल और खानपान को बेहतर बनाकर ब्लड प्रेशर को कंट्रोल कर सकते हैं। इसमें पानी भी फायदेमंद हो सकता है। डॉक्टर्स के अनुसार, हमारे हार्ट का करीब 73 प्रतिशत हिस्सा पानी से बना है, इसलिए ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए पानी से बेहतर कोई चीज नहीं हो सकती है।

कई स्टडीज में भी साबित हो चुका है कि पानी में मौजूद कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे मिनरल्स बीपी कम करने में असरदार हो सकते हैं, इसलिए हर दिन ज्यादा से ज्यादा पानी पीनी चाहिए। हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर आप ज्यादा पानी नहीं पी पीते हैं तो उसकी जगह कोई हेल्दी लिक्विड ले सकते हैं। नींबू, खीरा, ताजे फल, हर्बल चाय, लो-सोडियम सूप, दूध, दही अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इससे शरीर को जरूरत के हिसाब से पानी मिल जाता है।

### पानी पीने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल कैसे रहता है

पानी ब्लड वेसल्स को आराम देता है, जिससे ब्लड प्रेशर कम होता है।
पानी खून को पतला कर नसों से खून फ्लो को आसान बनाता है, जिससे बीपी का खतरा कम होता है।
पानी शरीर से टॉक्सिक पदार्थ बाहर निकालकर बीपी कंट्रोल में रखता है।
पानी दिल की सेहत को दुरुस्त रखता है, जिससे ब्लड प्रेशर मेंटेन रहता है।


### ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने के लिए क्या करें

वजन कम रखें, कैलोरी वाले फूड्स
रोजाना कम से कम 30 मिनट एक्सरसाइज जरूर करें. वॉकिंग, स्वीमिंग, योग, मेडिटेशन करें।
स्ट्रेस कम करने की कोशिश करें।
आहार में फल, सब्जियां, साबुत अनाज और लीन प्रोटीन जरूर शामिल करें।
ज्यादा नमक और शराब से दूर रहें।

# वनवास का गाना यादों के झरोखों से जारी, सोनू निगम और श्रेया घोषाल ने लगाए सुर

पिछले लंबे समय से दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर अपनी आगामी फिल्म वनवास को लेकर चर्चा में हैं, जिसके निर्देशन की कमान गदर और गदर 2 के निर्देशक अनिल शर्मा ने संभाली है।इस फिल्म में उत्कर्ष शर्मा और सिमरत कौर भी अभिनय करते हुए नजर आएंगे।अब निर्माताओं ने वनवास का पहला गाना यादों के झरोखों से जारी कर दिया है, जिसे सोनू निगम और श्रेया घोषाल ने मिलकर गाया है। मिथुन ने भी उनका खूब साथ दिया है।

वनवास इस साल क्रिसमस के खास मौके पर यानी 20 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना वरुण धवन और एटली की फिल्म बेबी जॉन से होगा, जो इस साल 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।वनवास में पाटेकर और उत्कर्ष के अलावा खुशबू सुंदर, राजपाल यादव, सिमरत कौर रंधावा, मनीष वाधवा और अश्विनी कालसेकर समेत कई और कलाकर भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे।








# पुष्पा 2 के आइटम सॉन्ग किसिक की रिलीज डेट से उठा पर्दा



**पुष्पा 2: द रूल का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस के लिए बड़ी खबर है। मिथ्री मूवी मेकर्स ने फिल्म के नए गाने 'किस्सिक' का प्रोमो रिलीज कर दिया है। इस गाने में आइकन स्टार अल्लू अर्जुन और श्रीलीला की जबरदस्त परफॉर्मेंस देखने को मिलेगी, जिसने रिलीज से पहले ही इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है।**

### अल्लू अर्जन संग धमाल मचाएंगी श्रीलीला

गाने का प्रोमो रिलीज करते हुए मिथ्री मूवी मेकर्स ने लिखा आइकन स्टार की सिजलिंग केमिस्ट्री आपको हैरान कर देगी, किस्सिक अपने हाई-एनर्जी डांस मूव्स और कैच साउंडट्रैक के लिए पहले ही सुर्खियां बटोर चुका है, देवी श्री प्रसाद के संगीत से सजे इस गाने को फैंस से शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है, फैंस का कहना है कि अल्लू अर्जुन और स्त्रीलीला की जोड़ी ने गाने में जान डाल दी है।

पुष्पा फ्रेंचाइजी का पहला भाग ब्लॉकबस्टर साबित हुआ था, और अब पुष्पा 2: द रूल से भी दर्शकों की उम्मीदें आसमान छू रही हैं। किस्सिक गाने को फिल्म का हाइलाइट माना जा रहा है, और यह निश्चित रूप से चार्टबस्टर बनने जा रहा है। बता दें, किसिक सॉन्ग आज 24 नवंबर को शाम 7.02 बजे रिलीज होने जा रहा है।

सुकुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अल्लू अर्जुन के अलावा रश्मिका मंदाना और फहद फासिल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म मिथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स के बैनर तले प्रोड्यूस की गई है, जबकि संगीत का जिम्मा टी-सीरीज ने संभाला है।

# शादी के बाद सेट पर पहुंचीं सुरभि ज्योति, सबसे खुश दिखीं तो फैंस बोले- माशा अल्लाह

**न्यूली वेड टीवी जगत की स्टाइलिश और खूबसूरत अभिनेत्री सुरभि ज्योति ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो मोंटाज शेयर किया, जो शूटिंग सेट का है। इसमें 'नागिन' स्टार काफी खुश नजर आ रही हैं।**



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर सुरभि ज्योति ने लिखा सेट पर सबसे खुश। वीडियो मोंटाज में अभिनेत्री कई खूबसूरत लिबास में सादगी के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। प्रशंसक उनकी पोस्ट को काफी पसंद कर रहे हैं।

एक प्रशंसक ने कैप्शन में लिखा 'माशाअल्लाह मेरी प्रिंसेज, एक अन्य ने लिखा अब आपकी वापसी हो गई, हम इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। दूसरे ने लिखा आप हर लुक में कमाल की लगती हैं।

बता दें कि अभिनेत्री पिछले महीने 27 अक्टूबर को बॉयफ्रेंड सुमित सूरी संग शादी के बंधन में बंधी थीं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर शादी की तस्वीरें प्रशंसकों के साथ शेयर की थी। इस विवाह के गवाह दोनों के करीबी रिश्तेदार और दोस्त बने थे।

अभिनेत्री ने शादी की तस्वीरों के साथ हल्दी, मेंहदी, म्यूजिक नाइट्स समेत कई रस्मों की तस्वीरें भी शेयर की थीं, जिसमें पहली रसोई की तस्वीरें भी शामिल हैं। अभिनेत्री ने पहली रसोई में हलवा बनाया था।

सुरभि ने पंजाबी फिल्मों 'इक कुड़ी पंजाब दी', 'रौला पै गया' और 'मुंडे पटियाला दे' के साथ-साथ पंजाबी टीवी सीरीज 'अखियां ते दूर जाए ना' में भी काम किया है। सुरभि रोमांटिक-ड्रामा 'कुबूल है' में जोया फारूकी की भूमिका निभाने के बाद घर-घर लोकप्रिय हो गई थीं, जिसके लिए उन्हें कई पुरस्कार भी मिले। 'नागिन 3' में उन्होंने नागिन का किरदार निभाया था, जिसमें उनका नाम 'बेला' था।

सुरभि ज्योति सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं और इसी कड़ी में उन्होंने शादी के बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी संग मुलाकात की तस्वीरें भी शेयर कीं। उनके साथ पति सुमित सूरी भी थे। अभिनेत्री ने तस्वीरों संग कैप्शन में सीएम को धन्यवाद देते हुए लिखा, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आपके बहुमूल्य समय, समर्थन और शुभकामनाओं के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

शेयर की गई तस्वीर में सुरभि के साथ उनके पति खड़े हैं और वह हंसते हुए धामी संग तस्वीरें खिंचवाते नजर आ रहे हैं। इस दौरान न्यूली वेड कपल ने खूबसूरत पोज दिए। धामी सुरभि और सुमित को फ्लावर बुके देते नजर आ रहे हैं। तस्वीर में सुरभि और सुमित दोनों ऑफ व्हाइट रंग की पोशाक पहने नजर आ रहे हैं।

# सिद्धार्थ स्टारर मिस यू का टीजर रिलीज

सिद्धार्थ मिस यू का टीजर रिलीज हो गया है। सिद्धार्थ, अदिति राव हैदरी के साथ अपनी वास्तविक जीवन की परीकथा जैसी शादी के बाद, अपनी आगामी फिल्म मिस यू के साथ एक बार फिर दर्शकों को आकर्षित कर रहे हैं। यह रोमांटिक ड्रामा, जिसे गर्मी के दिन की हल्की हवा होने का वादा किया गया था, अपने हाल ही में जारी टीजर के साथ ही चर्चा का विषय बन गया है।

विजय सेतुपति द्वारा जारी किया गया टीज़र भावनाओं और प्रत्याशा की दुनिया की एक आकर्षक झलक है। सिद्धार्थ, जो अपनी आकर्षक और संयमित अपील के लिए जाने जाते हैं, एक ऐसी भूमिका में पूरी तरह से ढले हुए लगते हैं जो दिल को छू लेने का वादा करती है। आशिका रंगनाथ के साथ उनकी केमिस्ट्री स्पष्ट है, जो एक ऐसी प्रेम कहानी की ओर इशारा करती है जो दर्शकों को पसंद आएगी।



निर्देशक राजशेखर, एक प्रतिभाशाली तमिल फिल्म निर्माता, फिल्म में एक अनूठा दृष्टिकोण लेकर आए हैं, जो टीज़र के शानदार दृश्यों और रोमांटिक क्षणों में स्पष्ट है। सिद्धार्थ का स्टाइलिश लुक और आशिका की आकर्षक उपस्थिति एक आकर्षक दृश्य जोड़ी बनाती है। टीज़र सिर्फ़ एक पूर्वावलोकन से कहीं ज़्यादा है; यह एक आकर्षक सिनेमाई अनुभव का वादा है, जो दर्शकों को 29 नवंबर को फ़िल्म की रिलीज़ का बेसब्री से इंतज़ार कराता है।

प्रशंसक पहले से ही फ़िल्म के कथानक के बारे में अनुमान लगा रहे हैं, लेकिन एक बात पक्की है: मिस यू एक ज़रूर देखने वाली फ़िल्म होने का वादा करती है। टीज़र ने सफलतापूर्वक एक दिल को छू लेने वाली और आकर्षक कहानी के लिए मंच तैयार किया है, जो दर्शकों को स्क्रीन पर प्रेम कहानी को देखने के लिए उत्सुक बनाता है। जबकि प्रत्याशा हमेशा यात्रा का हिस्सा होती है, उम्मीद है कि मिस यू हमें बहुत लंबा इंतज़ार नहीं करवाएगी - क्योंकि एक अच्छी फ़िल्म का इंतज़ार करना प्यार के इंतज़ार जैसा है: यह हमेशा आपकी अपेक्षा से ज़्यादा लंबा लगता है!

# घाटी से अनुष्का शेट्टी की पहली दमदार झलक जारी, 5 भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म






बाहुबली एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी 43 साल की हो गई हैं। इस खास दिन पर फैंस से लेकर फिल्म इंडस्ट्री तक के लोगों ने अपने-अपने अंदाज में क्वीन को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

यूवी क्रिएशन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी आगामी फिल्म घाटी से अनुष्का शेट्टी की झलक शेयर की है और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। खास झलक में बर्थडे गर्ल के खूंखार अवतार ने उनके फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है। फिल्म की झलक साझा करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, खूंखार और खतरनाक। द क्वीन अनुष्का शेट्टी की सांस लेती आग। घाटी झलक आउट। तेलुगू, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में घाटी।

घाटी की स्टोरी की बात करें तो यह एक ऐसी महिला की स्टोरी हैजो एक पीड़ित, एक अपराधी और एक लीजेंड है। घाटी भारत की घाटियों की एक रॉ स्टोरी है। फिल्म में अनुष्का शेट्टी और अन्य कलाकार हैं। कृष जगरलामुदी द्वारा लिखित और निर्देशित है। नागवेल्ली विद्या सागर ने संगीत दिया है।

इससे पहले अनुष्का शर्मा की आगामी फिल्म कथानार से उनकी झलक दिखाई गई थी। मेकर्स ने एक्ट्रेस के किरदार के नाम का भी खुलासा किया है। वह कथानार में नीला की भूमिका निभाएंगी।

# कभी देखा है नीले रंग का केला, गजब है इसका स्वाद

**पीला केला तो हम सभी ने देखा है लेकिन क्या आपने कभी नीला केला देखा है। आप सोच रहे होंगे भला केला भी कभी नीला होता है। जी हां, नीले रंग का भी केला होता है। इसे ब्लू जावा बनाना कहा जाता है। इसका बनावट मलाईदार होता है। ये नीले रंग का जावा मूसा बालबसियाना और मूसा एक्यूमिनता का हाइब्रिड है। ये सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। आइए जानते हैं नीला केला कहां पाया जाता है, इससे शरीर को क्या-क्या लाभ होते हैं।**

### ब्लू जावा बनाना कहां उगाया जाता है

नीले जावा केले की खेती दक्षिण पूर्व एशिया में होती है। इसके अलावा हवाई द्वीपों में भी इन केलों की खेती होती है। यह ज्यादातर ठंडे प्रदेशों और कम तापमान वाली जगहों पर होता है। इस केले का टेस्ट आइसक्रीम जैसा होता है। सोशल मीडिया पर बहुत से लोग इसका टेस्ट वनिला आइसक्रीम जैसा बता रहे हैं। इसी वजह से इसे आइसक्रीम केला भी कहते हैं।

### ब्लू जावा बनाना के फायदे

#### 1. आयरन से भरपूर

ब्लू जावा बनाना में आयरन भर-भरकर पाया जाता है। इससे शरीर में एनीमिया यानी हीमोग्लोबिन की कमी से होने वाली बीमारी नहीं होती है। यह शरीर में आयरन की कमी दूर कर कई तरह से फायदे पहुंचाता है।

#### 2. कब्ज से छुटकारा

ब्लू जावा केला पेट के लिए बेहद फायदेमंद बताया जा रहा है। इससे कब्ज, एसिडिटी जैसी समस्याएं दूर हो सकती हैं। पेट की अन्य समस्याओं में भी इस केले को उपयोगी बताया जा रहा है।

#### 3. तनाव होगा दूर

कई रिसर्च में बताया गया है कि ब्लू जावा बनाना तनाव से राहत दिला सकता है। इसमें ऐसा प्रोटीन होता है, जो शरीर को रिलैक्स मोड में पहुंचाता है। इससे डिप्रेशन जैसी समस्याएं भी दूर हो सकती हैं। इस केले में विटामिन बी6 पाया जाता है, जो ब्लड ग्लूकोज लेवल को ठीक रखता है।



#### 4. शरीर को ऊर्जावान बनाए

नीले केले के सेवन शरीर में खून की मात्रा बढ़ती है और ताकत मिलती है। नियमित तौर पर दूध के साथ इसे खाने से शरीर चुस्त और तंदुरुस्त बनता है। इससे कमजोरी दूर होती है और कई बीमारियों से राहत मिलती है।

#### 5. डाइजेस्टिव सिस्टम अच्छा बनाए

ब्लू जावा बनाना में फाइबर की अच्छी मात्रा पाई जाती है, जो पाचन क्रिया को मजबूत बनाने का काम करता है। इससे पेट से जुड़ी कई अन्य बीमारियों से भी छुटकारा मिल सकता है।

# बढ़ते भारत के साथ बदलते स्टेशनः रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर स्टेशनों की बदल रही तस्वीर, 1354 करोड़ हो रहे खर्च

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। रेलवे देश की लाइफलाइन है। रेलवे लगातार यात्री सेवा को सुलभ करने के लिए नवीनतम तकनीक, सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने पर काम कर रही है। वर्तमान में रेल मंत्रालय के महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने हेतु स्टेशनों के पुनर्विकास व अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों के उन्नयन का कार्य किए जा रहे हैं। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के तीन अति महत्वपूर्ण स्टेशन बिलासपुर, रायपुर व दुर्ग को आत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण किया जा रहा है। इसके लिए इन तीनों स्टेशनों में 1354 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।






इसी क्रम में बिलासपुर रेलवे स्टेशन को 435 करोड़ रुपए की लागत, रायपुर रेलवे स्टेशन को 456 करोड़ रुपए की लागत एवं दुर्ग रेलवे स्टेशन को 463 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य यात्री सुविधाओं को उन्नत करना, भीड़ प्रबंधन में सुधार लाना और स्टेशन परिसर को आधुनिक बनाने के साथ-साथ इसे पर्यावरण के अनुकूल बनाना है । पुनर्विकास के तहत बेहतर प्रतीक्षालय, अत्याधुनिक सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता और हरित क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### स्टेशन की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना

स्टेशन पुनर्विकास के अंतर्गत बिलासपुर, रायपुर एवं दुर्ग स्टेशनों में पर्यावरण संरक्षण के लिए क्लीन एनर्जी के महत्व को रेखांकित करते हुए स्टेशन की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया जाएगा । जल संरक्षण के दृष्टिगत स्टेशन भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग व इमरजेंसी पावर बैक-अप के साथ फायर फाइटिंग स्थापित किए जाएंगे । यात्रियों को दी जाने वाली जरूरी सुविधाओं में खान-पान, पीने का पानी, एटीएम, इंटरनेट, वॉशरूम, कवर शेड, स्टैंडर्ड साइनेज तथा दिव्यांगजन फ्रेंडली सुविधाएं आदि शामिल है।

### प्राकृतिक रौशनी और वेंटिलेशन का प्रावधान

बिलासपुर, रायपुर एवं दुर्ग स्टेशनों को विश्वस्तरीय रूप देते हुए ग्रीन स्टेशन का रूप दिया जा रहा है, जहां प्राकृतिक रौशनी और वेंटिलेशन का प्रावधान होगा। पुनर्विकास के बाद बिलासपुर स्टेशन हाईटेक यात्री सुविधाओं के साथ टेक्नोलॉजी, स्थानीय संस्कृति और समृद्ध विरासत का आकर्षक केंद्र बनेगा। यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ रोजगार बढ़ने की व्यापक संभावना विकसित होगी जिसका लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा।

यह स्टेशन इस क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ व्यापार एवं पर्यटन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### रायपुर स्टेशन का पुनर्विकास

रायपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के अंतर्गत आने वाले समय में दीर्घकालिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर कॉन्कोर्स में अधिकतम यात्रियों के बैठने के लिए 4974 वर्ग मीटर वेटिंग एरिया का प्रावधान, लगभग 2200 से अधिक वाहनों के लिए पार्किंग एरिया का प्रावधान, बेहतर भीड़ प्रबंधन हेतु स्टेशन में प्रवेश एवं निकास के अलग-अलग मार्ग का प्रावधान तथा लगभग 3400 वर्ग मीटर का कॉन्कोर्स का प्रावधान किया गया है । बुजुर्गों तथा दिव्या यात्रियों की विशेष सुविधा। यात्रियों की संख्याः प्रति दिन 47,967 (अधिकतम 4,797पी क आवर्स में) क्षमता के अनुरूप तैयार किया जाएगा।

### दुर्ग स्टेशन का पुनर्विकास

दुर्ग रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के अंतर्गत आने वाले समय में दीर्घकालिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर कॉन्कोर्स में एकसाथ लगभग 1300 यात्रियों के बैठने के लिए वेटिंग एरिया का प्रावधान, 925 से अधिक वाहनों के लिए लगभग 19 हजार वर्ग मीटर पार्किंग एरिया का प्रावधान, बेहतर भीड़ प्रबंधन हेतु स्टेशन में प्रवेश एवं निकास के अलग-अलग मार्ग का प्रावधान, 03 नए फुट चौड़े ओवरब्रिज का प्रावधान किया गया है जिसमें दो स्टेशन प्रवेश के लिए तथा एक स्टेशन से निकास के लिए होगा । 35 वर्ग मीटर का कॉन्कोर्स का प्रावधान किया गया है, बुजुर्गों तथा दिव्याङ्ग यात्रियों की विशेष सुविधा के लिए 45 लिफ्ट एवं 21 एस्केलेटर बनाए जाएंगे जिससे यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म जाने में आसानी होगी।

### बिलासपुर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास

बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के अंतर्गत आने वाले समय में दीर्घकालिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर कॉन्कोर्स में एकसाथ लगभग 800 यात्रियों के बैठने के लिए वेटिंग एरिया का प्रावधान, 1123 से अधिक वाहनों के लिए लगभग 28 हजार वर्ग मीटर पार्किंग एरिया का प्रावधान, बेहतर भीड़ प्रबंधन हेतु स्टेशन में प्रवेश एवं निकास के अलग-अलग मार्ग का प्रावधान, 03 नए फुट चौड़े ओवरब्रिज का प्रावधान किया गया है जिसमें दो स्टेशन प्रवेश के लिए तथा एक स्टेशन से निकास के लिए होगा । 6000 वर्ग मीटर का कॉन्कोर्स का प्रावधान किया गया है, बुजुर्गों तथा दिव्याङ्ग यात्रियों की विशेष सुविधा के लिए 30 लिफ्ट एवं 22 एस्केलेटर बनाए जाएंगे जिससे यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म जाने में आसानी होगी। यात्रियों की संख्याः प्रति दिन 65,867 (अधिकतम 6,587 पीक आवर्स में) क्षमता के अनुरूप तैयार किया जाएगा।

इन स्टेशनों के अतिरिक्त दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 46 स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत उन्नयन किया जा रहा है।

# भारत सरकार के एडिशनल सेकेटरी सिंह ने राजनांदगांव जिले की 20 लखपति दीदियों को किया सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी चरणजीत सिंह ने अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दूसरे दिन 24 नवम्बर राजनांदगाँव जिले के पदुमतरा में ज़िले की 20 लखपति दीदियों से चर्चा की और उनके लखपति दीदी बनने की कहानी सुनी। इस अवसर पर श्री सिंह ने सभी लखपति दीदियों को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सिंह ने राजनांदगांव जिले में ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की सफलता की सराहना की और बिहान समूह से जुड़ी महिलाओं को लखपति दीदी बनने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया।






श्री सिंह ने राजनांदगांव जिले के कई गांवों का दौरा कर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत महिला समूहों द्वारा संचालित आर्थिक स्वावलंबन की गतिविधियों का जायजा लिया। ग्राम पंचायत अंजोरा में 75 महिला स्वयं सहायता समूह सदस्यों द्वारा पूजा सामग्री निर्माण के कार्य को देख कर उनसे उनके आय-व्यय व सदस्यो को हो रहे लाभ के संबंध में जानकारी ली।

जिले के मॉडल संकुल एवं सीएमटीसी संगठन- आँचल संकुल संगठन पदुमतरा में कार्यकरणी सदस्यो की बैठक मे शामिल हुए। श्री सिंह द्वारा ग्राम पंचायत सुकुलदैहान में बिहान की एफपीसी स्वर्ण उपज उत्पादक कंपनी द्वारा एकीकृत सुविधा केंद्र में प्रोसेसिंग यूनिट स्थापना के कार्य की प्रगति का भी अवलोकन किया।

इस दौरान मिशन संचालक जयश्री जैन, अतिरिक्त मिशन संचालक आर के झा, राजनांदगाँव कलेक्टर संजय अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगाँव सुरुचि सिंह तथा राज्य कार्यालय से सीओओ एलिस लकड़ा, प्रशानिक अधिकारी वीरेंद्र जायसवाल एवं डीपीएम राजन सोनी उनके साथ थे।

## प्रत्येक परिवार को समूह के माध्यम से आजीविका से जोड़ेः सिंह

**रायपुर।** अतिरिक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार चरणजीत सिंह ने आज जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान मिशन संचालक जयश्री जैन, अतिरिक्त मिशन संचालक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह, सीईओ एलिस लकरा, प्रशासनिक अधिकारी जायसवाल, एसपीएम राजन सोनी सहित अन्य अधिकारी उनके साथ थे। अतिरिक्त सचिव चरणजीत सिंह ने राजनांदगांव जनपद के ग्राम पंचायत अंजोरा में 75 महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को अवलोकन किया तथा इससे हो रहे लाभ की जानकारी ली। उन्होंने ग्राम अंजोरा में श्री गणेशा हर्बल गुलाल यूनिट में पीपीपी मॉडल के तहत समूह की महिलाओं द्वारा बनाये जा रहे गुलाल, रोली, चंदन, कुमकुम, पूजन सामग्री के साथ ही व्यापक स्तर पर किए जा रहे पैकेजिंग यूनिट को देखा। वे जय बाबा कुटी स्वसहायता समूह एवं सखी संकुल संगठन की महिलाओं से रूबरू हुए। समूह की महिलाओं ने उन्हें बताया कि स्थानीय स्तर पर उन्हें रोजगार मिल गया है और अच्छी आमदनी मिल रही है। अतिरिक्त सचिव श्री सिंह ने पदुमतरा में समूह के उत्पादों का अवलोकन किया। संकुल अध्यक्ष ने बताया कि संकुल गठन से अब तक 1 करोड़ 18 लाख रूपए का शुद्ध लाभ एवं विगत विश्रीय वर्ष में 30 लाख रूपए की आय हुई है। श्री सिंह ने प्रत्येक परिवार को समूह के माध्यम से आजीविका से जोड़े की बात कही।

# डीएमएफ फंड के पाई-पाई का जनकल्याण में हो रहा उपयोग : लखन लाल देवांगन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर । जिला खनिज न्यास मद से शहर के दो शासकीय विद्यालय के निर्माण और अपना घर के बाउंड्री वॉल के निर्माण का भूमिपूजन मंत्री देवांगन के मुख्य अतिथ्य में हुआ संपन्न। कोरबा जिले मेंडीएमएफ फंड के एक - एक रूपए का उपयोग जनकल्याणकारी कार्यों में किया जा रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों के स्कूलों, आँगनबाड़ी व अस्पतालों की व्यवस्था बेहतर करने लगातार प्रयास किया जा रहे हैं।




उक्त बातें कोरबा नगर विधायक और वाणिज्य,उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने वार्ड क्रमांक 30 मानिकपुर के शासकीय प्राथमिक शाला भिलाई खुर्द क्रमांक 1 के नवीन शाला निर्माण और शासकीय हाई स्कूल जेपी कॉलोनी में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आसंदी से कही।

जिला खनिज न्यास मद 2024-25 मद से क्रमशः 20-20 लाख रुपए की लागत से दोनों कार्यों का मंत्री श्री देवांगन ने विधिवत भूमि पूजन कर शिलापट्टी का अनावरण किया।इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहां कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कोरबा को जिला खनिज न्यास मद की बहुत बड़ी सौगात दी है, डॉ रमन सिंह जी सरकार में इस मद का उपयोग बेहतर ढंग से शुरू हुआ था, । विष्णु देव के सुशासन वाली सरकार में जिला खनिज न्यास मद का उपयोग जन कल्याण में किया जा रहा है। आज जिले के सभी शासकीय स्कूलों में बच्चों को नाश्ता मिल रहा है, स्कूल और आंगनबाड़ी संवर रहे हैं। बहुत जल्द रेलवे क्रॉसिंग अंडर ब्रिज का निर्माण प्रारंभ होने जा रहा है। इससे प्रभावित होने वाले परिवारों को इतिहास में पहली बार शासकीय जमीन पर बसे लोगों को 3 करोड़ से अधिक का मुआवजा दिया गया। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प के साथ कोरबा शहर और जिले का विकास किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रफुल्ल तिवारी, वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन, नरेंद्र पाटनवार, कोरबा मंडल के अध्यक्ष परविंदर सिंह, कोसाबाडी मंडल के अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, सरजू अजय, योगेश मिश्रा, युगल केवट, पार्षद शैलेंद्र सिंह, पार्षद फूलचंद सोनवानी, पार्षद धनश्री साहू, बिहारी रजक, दिनेश वैष्णव, राणा मुखर्जी, वैभव शर्मा समेत अन्य उपस्थित रहे।

वार्ड क्रमांक 25 नेहरूनगर मिनिमाता कन्या महाविद्यालय के पीछे स्थित आश्रय स्थल अपना घर के बाउंड्री वॉल और अतिरिक्त कक्ष के निर्माण का भी मंत्री श्री देवांगन ने भूमि पूजन किया। जिला खनिज न्यास मद से 10 लख रुपए की लागत से बाउंड्री वॉल का निर्माण होगा। अपना घर के संचालन करने वाली समिति का मंत्री श्री देवांगन ने सरहाना की। उन्होंने परिसर का जायजा भी लिया।

# खरोरा मे नवनिर्मित मितानिन भवन का लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खरोरा में शनिवार को मुख्य अतिथि डॉ. एकता लंगेह द्वारा नवनिर्मित मितानिन भवन और रोजगार प्रशिक्षण केंद्र का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मितानिनों द्वारा विभिन्न तरह के खेल जैसे मटका फोड़, नुककड़ नाटक, प्रेरणादायक गीत और विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. एकता लंगेह ने कहा की मितानिन भवन के निर्माण से यहां महिलाएं आपस में बैठकर अपने स्वास्थ्य से लेकर आर्थिक समृद्धि और अन्य भविष्य की योजनाओं पर कार्य कर सकते हैं। यहां भवन बनने से उन्हें इधर-उधर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि आज महिला हर क्षेत्र में आगे है, यहां महासमुंद में महिलाएं प्रत्येक गतिविधियों में उत्साह के साथ भाग ले रही हैं। महिला एक परिवार ही नहीं बल्कि पूरी पीढ़ी की धुरी है। उनके पास धैर्य भी है और काबिलियत भी है आज वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है और निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर होना आवश्यक है ताकि वे अपने जरूरतो को भी पूरा कर सके, परिवार और समाज की मदद कर सकें। उन्होंने कहा कि आर्थिक स्वावलंबी से महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगी। डॉ. लंगेह ने कहा कि महिला स्वास्थ्य भी महत्वपूर्ण है यदि महिला स्वस्थ है।





















## खास खबर

### किसानों में भ्रम फैलाने वालों के विरूद्ध की जाएगी सख्त कार्यवाही

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि मोदी जी की गारंटी के अनुरूप इस वर्ष भी किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान के मान से ही धान खरीदी की जा रही है। किसानों को इस मामले को लेकर किसी प्रकार का भ्रम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में भ्रम फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि धान खरीदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश के पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कर रही है। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए उपार्जन केन्द्रों के माईक्रोएटीएम से 2000 रूपए से लेकर 10 हजार रूपए तक की राशि निकालने की सुविधा भी दी गई है। इससे किसानों को धान बेचने परिवहन के लिए किराये पर लिए गए ट्रैक्टर, मेटाडोर आदि का भाड़ा और हमाली मजदूरी का भुगतान करने में सुविधा होगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में अनवरत धान खरीदी का सिलसिला जारी है। 14 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मिट्रिक धान खरीदी अनुमानित है। सभी उपार्जन केन्द्रों में बायोमैट्रिक डिवाईस के माध्यम से धान उपार्जन की व्यवस्था की गई है। छोटे, सीमांत और बड़े कृषकों के द्वारा उपजाये गए धान को निर्धारित समर्थन मूल्य में खरीदा जाएगा।

उन्होंने कहा कि सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था से लेकर छांव, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। धान उपार्जन केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिये हेल्प लाइन नंबर भी चस्पा कर दिये गये हैं। राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र में विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है एवं चेक पोस्ट की स्थापना की गई है। राज्य स्तर पर अलग अलग जिलों के लिए राज्य स्तरीय वरिष्ठ अधिकारियों की जांच टीम बनाई गई है, जो लगातार जिले में हो रही धान खरीदी की मानिटरिंग कर रहे हैं।

#### अवैध धान जब्त

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान कोचियों/बिचौलियों द्वारा धान के अवैध भण्डारण/परिवहन कर खरीदी केन्द्रों में लाकर विक्रय करने की आशंका बनी रहती है। इसके मद्देनजर कलेक्टर ने जिले के प्रत्येक विकासखंड में राजस्व विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारियों का ब्लाक स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया है। कलेक्टर सु गांधी के निर्देशानुसार आज ब्लाक स्तरीय उडनदस्ता दल धमतरी द्वारा जीवराखन पटेल ग्राम देमार के प्रतिष्ठान में आकस्मिक जांच की गई। जांच में 16 कट्टा (18.40 क्विंटल) अवैध धान का भण्डारण पाये जाने पर उनके विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर 16 कट्टा (18.40 क्विंटल) अवैध धान जब्त किया गया है। जिले के उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही धान का सुरक्षित भण्डारण करने हेतु सभी संग्रहण केन्द्रों में आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली गई है। आगामी दिवसों में भी गठित ब्लाक स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा अवैध धान के भण्डारण/परिवहन के रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही की जायेगी।

# UPSC-PSC एग्जाम की तैयारी के नाम पर छात्रों से लाखों की ठगी, कौटिल्य एकेडमी का संचालक पत्नी सहित फरार

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** राजधानी रायपुर में स्टूडेंट्स से लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। ठगी करने वाले कोई और नहीं बल्कि यहां संचालित नामी कोचिंग सेंटर का संचालक व उसकी पत्नी है। स्टूडेंट्स ले फीस के रूप में 18 लाख रुपए से ज्यादा ले लिए और कोचिंग सेंटर को ताला लगाकर फरार हो गए। यहां तक की कोचिंग सेंटर में काम करने वाली फैकल्टी को वेतन के रूप में दिए गए चेक भी बाउंस हो गए। इस मामले में कोचिंग सेंटर के 21 स्टूडेंट्स व फैकल्टी मेंबर की शिकायत पर पुलिस ने कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर पवन टांडेश्वर और उनकी पत्नी रूबी मजूमदार के खिलाफ अपराध दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

यह पूरा मामला सरस्वती नगर थाना क्षेत्र का है। कौटिल्य एकेडमी में पढ़ने वाली पलक, तनीशा सेठिया, प्रियंका नाग, लावण्या सातपुते, रोशनी जयसवाल, अनुष्का बरेत, प्रिया द्विवेदी, देव्यानी साहू, संध्या साहू, दिप्ती सिंह, नेहा देवांगन, खूशबू चौहान, रितू यादव, सायली लांगे, भूमिका बघेल, जैनब रिजवान, काजल दुबे, आनंद, अभिषेक, सोनाली, निशांत शुक्ला, जया सिंह आदि ने शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित स्टूडेंट्स ने बताया कि डायरेक्टर पवन टांडेश्वर और उनकी पत्नी रूबी मजूमदार ने UPSC-CGPSC की तैयारी करवाने के लिए कौटिल्य एकेडमी के नाम पर रायपुर के जीई रोड पर अनुपम गार्डन के सामने कोचिंग सेंटर ओपन किया था। दोनों ने युपीएससी, सीजीपीएससी, व्यापम, एमपीएससी का कोचिंग कराने के नाम पर कुल 21 लोगों से अलग अलग किश्तो में कुल 18,03,165 रुपए ले लिए और कोर्स बिना कम्पलीट कराए अपनी एकेडमी को बंद करके बिना बताए भाग गये हैं। न तो क्लास कराया और न ही पैसा वापस किया। वहीं फैक्ल्टी को सैलरी के नाम पर जो चेक उन्होंने फैकल्टी दिए थे, वो भी बाउंस हो चुके हैं।

#### स्टूडेंट्स से अलग-अलग किश्तों में ली फीस की रकम

पीड़ित स्टूडेंट्स ने बताया कि कौटिल्य अकादमी के संचालक ने लुभावना आफ़र दे कर युपीएससी का उत्तम कोचिंग देने का आश्वासन दिया था। उनके प्रस्ताव से प्रभावित होकर उनके द्वारा मांग की गई राशि जमा कर यूपीएससी की कोचिंग के लिए प्रवेश लिया। पलक ने 1,73,000 रुपए, तनीशा सेठिया का 90,000, प्रियंका नाग का 90,000, लावण्या सातपुते का 90,000, रोशनी जयसवाल का 1,49,665, अनुष्का बरेत का 69,500, प्रिया द्विवेदी का 53,000, देव्यानी साहू का 31,000, संध्या साहू का 65,000, दिप्ती सिंग का 1,15,000, नेहा देवांगन का 1,20,000, खूशबू चौहान का 80,000, रितू यादव का 1,10,000, सायली लांगे 1,20,000, भूमिका बघेल का 65,000, जैनब 1,20,000, रिजवान 45,000, काजल दुबे का 20,000, तथा आनंद अभिषेक तथा सोनाली तीनो से मिलाकर 1,40,000, जमा करवाया। इसके अलावा फेकेल्टी निशांत शुक्ला का 17,000 व जया सिंह का 35,000 रुपए का चेक बाउंस हो गया। इस प्रकार कुल 18 लाख 3 लाख 165 रुपए जमा कराया। कुछ दिन पढाने के बाद कोर्स कम्पलीट कराए बिना पवन तांडेश्वर व रुबी मजूमदार ने अपने काचिंग सेंटर में ताला लगा दिया।

#### कोचिंग सेंटर सिफ्टिंग का बनाया बहाना

पीडित स्टूडेंट्स ने बताया कि अचानक क्लास बंद होने के बाद कौटिल्य अकादमी के डायरेक्टर पवन टांडेश्वर से शिकायत की गई थह। इस पर पवन ने उन्हें कोचिंग क्लास दूसरी जगह पर शिफ्ट करने का बहाना दिया। पवन ने कहा कि अक्टूबर में दूसरे जगह क्लास चालू हो जाएगी। लेकिन क्लास इसके बाद रिस्टार्ट नहीं हुई। कुछ हफ्ते तक स्टूडेंट्स को अलग-अलग बहाने देकर दोनों ने लटकाए रखा। इसके बाद दोनों ने बच्चों के नंबर को ब्लैक लिस्ट में डाल दिए। परेशान होकर स्टूडेंट ने इसकी शिकायत सरस्वती नगर पुलिस को दी। इस मामले में सरस्वती नगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी पति-पत्नी की तलाश जारी है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## मंत्री राजवाड़े हादसे का शिकार, आपस में टकराई की काफीले की गाड़ियां

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में महिला एवं बालविकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े हादसे का शिकार हो गई। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के काफिले की चार गाड़ी आपस में टकरा गई। हालांकि इस हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक की लापरवाही के चलते ये हादसा हुआ है।



मिली जानकारी के अनुसार बलरामपुर के राजपुर थाना क्षेत्र चल रहे फुटबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने रविवार दोपहर मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े जा रही थी। इसी दौरान अंबिकापुर-रामानुजगंज एनएच-343 पर राजपुर से 8 किमी पहले ग्राम चरगढ़ के पास मंत्री के काफिले की चार गाड़ी आपस में टकरा गई। काफिले के सामने चल रहे ट्र्क को ओवरटेक किया जा रहा था। इसी बीच ट्र्क के चालक ने लापरवाही बरती, जिस वजह से ट्रक से बचने के लिए काफिले में चल रही सबसे आगे की कार ने ब्रेक लगा दिया। इस दौरान पीछे चल रही मंत्री की गाड़ी सहित चार गाडियां आपस में टकरा गई। हादसे में मंत्री राजवाड़े को मामूली चोट लगी। उन्हें तत्काल राजपुर अस्पताल ले जाया गया जहां प्रारंभिक इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

## रिटायर्ड CISF जवान पर जानलेवा हमला, लाइसेंसी पिस्टल से फायर कर खुद को बचाया, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नेवई थाना क्षेत्र में सीआईएसएफ के रिटायर्ड जवान पर जानलेवा हमला करने वाले बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कार मांगने पर नहीं देने पर आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला किया। बचाव में सीआईएसएफ के जवान ने अपने लाइसेंसी पिस्टल से फायर किया जिससे बदमाश भाग गए। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

बता दें कि दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने चाकू व कटर रखने वालों पर कार्रवाई का निर्देश दिया है। ऐसे बदमाशों की सूचना देने वालों को एक हजार रुपए इनाम की घोषणा भी की है। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि 23 नवंबर को स्टेशन मरोदा चैपाटी के पास रिटायर्ड सीआईएसएफ के जवान राकेश भदौरिया उर्फ राहुल पर निगरानी बदमाश शंभु उडिया ने अपने जीजा अमर विजय ठाकुर ने जानलेवा हमला किया।



रिटायर्ड सीआईएसएफ के जवान राकेश भदौरिया की महिन्द्रा कार को निगरानी बदमाश शंभु उडिया अपने जीजा अमर विजय ठाकुर के साथ आकर मांगने लगा। राकेश भदौरिया ने मना किया तो विवाद कर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। कुछ देर बाद शंभु विभार अपने जीजा अमर विजय ठाकुर के साथ राकेश भदौरिया के पास पहुंचा और उसके घर नेवई भाठा पहुंच कर गाडी नहीं देने की बात करते हुए अपने पास रखे धारदार कटर से राकेश भदौरिया उर्फ राहुल के उपर ताबडतोड वार किया। राकेश भदौरिया ने बीच बचाव में अपने लायसेंसी पिस्टल से हवाई फायरिंग की जिससे डर कर भाग गये।

इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और धारा 296, 351(3), 333, 109, 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी आनंद शुक्ला, उप निरीक्षक खगेन्द्र पठारे, एएसआई रामचंद कंवर, प्रधान आरक्षक सूरज पाण्डेय, राजेश देवांगन, आरक्षक रवि बिसाई, चंदन भास्कर, विजय कुर्रे, संतोष कोमा का विशेष योगदान रहा है।

## कार्गो वाहन के टक्कर से खड़ी बस घुसी होटल में, मची अफरा-तफरी

**कोरबा (ए.)।** राष्ट्रीय राजमार्ग में लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। चिरमिरी- कटघोरा मार्ग के भद्रा ( झिनपुरी) चैक में एक खड़ी यात्री शिव बस को कार्गो कंपनी के डाक पार्सल ने टक्कर मार दी। घटना में बस समीप एक होटल में जा घुसी। इससे वहां उपस्थित यात्रियों एवं होटल में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। वहीं दुर्घटना में बस व होटल के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

सूत्रों के अनुसार घटना पसान थाना के कोरबी चैकी क्षेत्र में अंतर्गत रविवार को सुबह हुई। शिव बस क्रमांक सीजी 16 एच 0209 भद्रा ( झिनपुरी) चैक के पास सवारी लेने के खड़ी थी, तभी चिरमिरी की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार्गो कंपनी के डाक पार्सल वाहन क्रमांक सीजी 04 एनवी 7739 के चालक अमन मिश्रा 24 वर्ष निवासी टिकुरी बत्तिस थाना, जिला रीवा मध्य प्रदेश निवासी ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि खड़ी बस एक होटल में जा घुसी। दुर्घटना में वहां उपस्थित लोग बाल-बाल बच गए। होटल मालिक ननकु सिंह ने बताया कि होटल में बस के घुसने से नुकसान हुआ है। सूचना पर चैकी प्रभारी अफ्सर हुसैन खान ने अपने स्टाफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और बस में फंसे यात्रियों समेत चालक को स्टेरिंग से बाहर निकाला। आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा कार्गो डाक पार्सल के चालक के ऊपर हमला होने से बचा लिया। डटना में दोनों वाहन चालक घायल हो गए। पुलिस ने दोनों वाहनों के चालक को इलाज कराने कोरबी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा और मरहम पट्टी, दवाई कराने के पश्चात देवेंद्र कुमार शर्मा एवं प्रार्थी अमन मिश्रा की शिकायत पर दोनों पक्षों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

## उतई में दिव्यांग पिता की हत्या, 24 घंटे में गिरफ्तार हुए आरोपी बेटे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के उतई थाना क्षेत्र में दो नशेड़ी बेटों दिव्यांग पिता की हत्या कर दी। उतई थाना क्षेत्र ग्राम परेवाडीह में शनिवार रात की यह घटना है। इस मामले में रविवार को मृतक की पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस के मुताबिक, उतई थाना क्षेत्र ग्राम परेवाडीह में शशि ठाकुर और दशरथ ठाकुर अपने दिव्यांग पिता भगवान सिंह ठाकुर और मां अंकलहिन बाई ठाकुर के साथ रहते हैं. दोनों बेटे शराब के आदी हैं। शनिवार को रात करीब 10 बजे दोनों आरोपी शराब पीकर घर पहुंचे थे और शराब के लिए दिए 100 रुपए को लेकर आपस में विवाद शुरू कर दिया। कुछ समय बाद दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई. दोनों की मां अंकलहिन बाई ठाकुर ने उन्हें छुड़ाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसकी भी पिटाई कर दी।

नशे में मारपीट कर रहे दोनों बेटों के बीच बीच बचाव के लिए गए पिता को दोनों ने जमीन पर पटक दिया और उसके ऊपर चढ़कर दबा दिया। दोनों आरोपी काफी देर तक अपने पिता के ऊपर ही बैठे रहे। मां ने दोनों बेटों को हटाने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने मां को धक्का देकर भगा दिया। इस बीच लगातार दबे होने से पिता की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उतई निरीक्षक विपिन रंगारी, उप निरीक्षक कमल सिंह सेंगर, एएसआई नेमन सिंह साहू, प्रधान आरक्षक नेमु प्रसाद साहू, आरक्षक डोमनिक किस्पोट्टा, कृष्णा बंजारे, ध्रुव नारायण चन्द्राकर, अंकित सिंह, दुष्यंत लहरे एवं डायल 112 का चालक धीरज साहू की सराहनीय भूमिका रही।

# जशपुर में चोर गिरोह पकड़ाया, बाइक चोरी कर भाड़े पर देते थे शातिर बदमाश, पांच बाइक जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में पुलिस ने शातिर चोर गिरोह को पकड़ा है। यह गिरोह बाइक चोरी कर भाड़े पर दे देता था। हर माह चार से पांच हजार रुपए में किराए पर दे देते थे। चोरी की बाइक को खंडहर में छिपाकर रखना और उसे भाड़े पर देना इस गिरोह का काम है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 5 बाइक जब्त किया है। इनके खिलाफ धारा 303(2), 238, 112, 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की जा रही है।




मिली जानकारी के अनुसार थाना फरसाबहार में प्रार्थी पण्डरीपानी निवासी आशीष मिंज दो दिन पहले शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि 21 नवंबर की शाम करीब 4 बजे अपने दोस्त के साथ एक्टिवा क्रमांक सीजी 15 ईए 0851 में साप्ताहिक बाजार फरसाबहार सब्जी खरीदने गया था। स्कूटी बैंक के पीछे साइड में खड़ी कर सब्जी लेने चला गया। वापस लौटा देखा कि स्कूटी नहीं थी। इस मामले में शिकायत पर पुलिस ने धारा 303(2), 238, 112, 3(5) अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस द्वारा मुखबिर तंत्र को एक्टिव कर अज्ञात आरोपी की लगातार पजासाजी की जा रही थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि तुरियालगा (फरसाबहार) खंडहर गोठान में कुछ अज्ञात लोगों द्वारा मोटरसायकल को छिपाकर रखा गया है। पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर जाकर दबिश देकर वहां से चोरी की स्कूटी और 4 मोटरसायकल को जब्त किया। पुलिस ने मौके से देवनाथ साय पैंकरा निवासी भेलवां थाना तुमला, भजन यादव फरसाबहार व देवव्रत साय निवासी रनई थाना फरसाबहार हिरासत में लिया गया।

मुख्य आरोपी देवनाथ साय पैंकरा ने पूछताछ में बताया कि वह पिछले 3 माह से रायगढ़, ओड़िसा एवं जशपुर क्षेत्र में मोटर सायकल चोरी की घटना को अंजाम दे रहा है। भजन यादव एवं देवव्रत साय उसके सहयोगी हैं। आरोपी चोरी की मोटर सायकल को बेचने की बजाय उसे मासिक 3-5 हजार रुपए किराये पर लोगों को देते थे। उक्त तीनों आरोपियों के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपीगणों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी फरसाबहार उप निरीक्षक विवेक भगत, उप निरीक्षक खोमराज ठाकुर थाना प्रभारी तपकरा, सायबर सेल जशपुर एवं थाना फरसाबहार के समस्त स्टॉफ का योगदान रहा है।

#### महिला से दुष्कर्म

**रायपुर।** देवपुरी में महिला से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार देवपुरी निवासी 26 वर्षीय प्रार्थिया ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि आरोपी अभिषेक दुबे 34 वर्ष ने प्रार्थिया को घर में अकेली पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## बिलासपुर में कवि सम्मेलन सुनने ट्रेन से हुए रवाना हुए सीएम साय, कहा-

# ट्रेन से यात्रा का आनंद ही अलग, यात्रियों से भी की चर्चा

### मुख्यमंत्री को अचानक प्लेटफार्म पर देखकर लोगों ने उत्साह के साथ किया अभिवादन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को अचानक बिलासपुर में आयोजित कवि सम्मेलन में शामिल होने के लिए रायपुर से अमरकंटक से रवाना हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की रायपुर से बिलासपुर ट्रेन यात्रा के दौरान उनकी सहजता एवं सरलता ने यात्रियों का दिल जीत लिया। यात्रियों से आत्मीय चर्चा के दौरान कहा कि मेरी यात्रा का उद्देश्य यही है कि मैं आमजन के मन में क्या है, उनकी सरकार से इच्छा और अपेक्षाएं क्या है,यह जान सकूं।

सीएम साय रविवार शाम अमरकंटक एक्सप्रेस से रायपुर से बिलासपुर के लिए रवाना हुए। वे मुख्यमंत्री निवास से कार द्वारा रेल्वे स्टेशन पहुंचे। वहां बिना विशेष ताम झाम के प्लेटफार्म तक पहुंच गए। मुख्यमंत्री को अचानक प्लेटफार्म पर देखकर लोगों की खुशियों का ठिकाना न रहा। उन्होंने उत्साह के साथ मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। सीएम साय ने भी गर्मजोशी से उनसे मुलाकात कर बातचीत की। सीएम साय ने इस दौरान कहा कि हमारी सरकार के काम को लेकर लोग क्या सोचते हैं, इसको जानने का यह यात्रा मुझे अच्छा अवसर देगी, इसीलिए मैंने बिलासपुर जाने के लिए ट्रेन का सफर चुना। बातचीत के दौरान उन्होंने यात्रियों से कुशलक्षेम पूछते हुए सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़ी चर्चाएं भी की।

#### 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने मुख्यमंत्री को भेंट की श्रीमद्भगवद्गीता

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की रायपुर से बिलासपुर ट्रेन यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने 65 वर्षीय रेखा पाली से बातचीत के दौरान उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से नि:शुल्क इलाज की सुविधा का जिक्र भी किया। इस खास मौके पर श्रीमती रेखा ने मुख्यमंत्री को श्रीमद्भगवद्गीता की प्रति भेंट की। मुख्यमंत्री ने भिलाई से जबलपुर की यात्रा कर रहीं यात्री 45 वर्षीय शिखा से भी बात की। उन्होंने महतारी वंदन योजना से जुड़ी जानकारी उनके साथ साझा की।





#### पांच वर्षीय बच्ची से हुए रोचक संवाद

मुख्यमंत्री की इस यात्रा का सबसे रोचक संवाद 4 वर्षीय समायरा के साथ हुआ। मुख्यमंत्री ने समायरा को चॉकलेट दिया और उससे ढेर सारी बातें की। उन्होंने समायरा के आग्रह पर ऑटोग्राफ दिया। मुख्यमंत्री ने समायरा को ढेर सारा आशीर्वाद दिया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री के साथ इस यात्रा में शामिल यात्रियों ने कहा कि हमारी यह यात्रा यादगार बन गई है।

#### यात्रा के दौरान रेलवे के अधिकारी भी रहे मौजूद

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ इस यात्रा के दौरान रेलवे के अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने रेलवे में हुए नवाचार और यात्री सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के शासनकाल में रेलवे की सुविधाएं बेहतर हुई है। यात्री सुविधाएं बढ़ी हैं और लगातार इसका विस्तार भी हो रहा है।

छत्तीसगढ़ को भी इसका लाभ मिला है और यहां रेलवे से जुड़ी आधारभूत संरचनाएं बढ़ी है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में रेल यात्राओं के बिना आम आदमी का सफर पूरा नहीं होता है और हमारी डबल इंजन की सरकार इस पूरी व्यवस्था को बेहतर करने में जुटी हुई है। इस मौके पर विधायक अनुज शर्मा, भैयालाल राजवाड़े और गुरु खुशवंत साहेब भी यात्रा के दौरान उनके साथ उपस्थित थे।

#### सीएम साय ने कहा- ट्रेन यात्रा मेरे लिए नई नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रेन यात्रा मेरे लिए नई नहीं है। विधायक एवं सांसद रहते हुए मैने अनेक बार ट्रेन यात्रा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रेन से यात्रा करने का आनंद यह है कि बहुत से नए लोगों से परिचय होता है, उनसे आत्मीय मुलाकात होती है और ऐसा लगता है कि बहुत बड़े परिवार के साथ यात्रा पर जा रहे हों। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि ट्रेन की यात्राएं हमेशा खास होती हैं। रेल यात्राओं की आम भारतीय के जीवन में खास जगह है।

#### यात्रियों के बीच पैदल चले सीएम साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज अमरकंटक एक्सप्रेस से रायपुर से बिलासपुर की यात्रा को लेकर खासे उत्सुक दिखे। वे प्लेटफार्म पर बैटरी चलित कार छोड़ आम यात्रियों की तरह प्लेटफॉर्म पर पैदल चले और ट्रेन से अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। उन्होंने आम यात्री की तरह मूंगफली खाते हुए देशी अंदाज में कहा कि इसके बिना भारतीयों की रेल यात्रा पूरी नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि ट्रेन सार्वजनिक संपत्ति है और ट्रेन की स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। साथ ही यात्रियों को जागरूकता का परिचय देते हुए ट्रेन में खाने के बाद मूंगफली के छिलके इधर उधर नहीं फेंकने चाहिए जिससे अन्य यात्रियों को परेशानी न हो। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा मैंने ट्रेन से खूब यात्राएं की है और यात्रियों के साथ उन्होंने इससे जुड़े कुछ मजेदार किस्से और अनुभव भी साझा किए।

# अनुसूचित जनजाति समाज हमारी सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं का संवाहक -मुख्यमंत्री साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा छत्तीसगढ़ का अनुसूचित जनजाति समाज हमारी सांस्कृतिक धरोहर, परंपराओं और मूल्यों का संवाहक है। मुख्यमंत्री ने लोकसंस्कृति पर केंद्रित डुमन लाल ध्रुव की किताब ''लोक जीवन के बदलते संदर्भ'' और छत्तीसगढ़ी कहानियों के संग्रह ''मन के पाखी'' का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनजाति समाज के विकास और उत्थान के लिए राज्य शासन के प्रयासों के साथ-साथ आप सभी की सहभागिता और समर्पण महत्वपूर्ण है। जनजातीय समाज के कल्याण के लिए यह स्वर्णिम समय है। राज्य और केन्द्र सरकार ने जनजातीय समाज के उत्थान को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने जनजातीय समाज के उत्थान के लिए जो योजनाएं, नीतियां और कार्यक्रम बनाए हैं, उन्हें सफ़ल करने का दायित्व आपका भी है। हम सभी का सौभाग्य है कि हमें यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का मजबूत नेतृत्व मिला है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं एक बात आपसे विशेष रूप से कहना चाहता हूं कि हमारी-आपकी प्राथमिकता भले ही जनजातीय समाज है, लेकिन हम और आप प्रदेश के सभी नागरिकों के विकास के लिए जिम्मेदार हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास हमारा ध्येय होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का यह शपथ समारोह यह बताता है कि आप सभी एकजुट होकर प्रदेश को एक नई दिशा देने के लिए तैयार हैं। प्रदेश के और खासकर जनजातीय समुदायों के विकास के लिए सरकार के प्रयासों के साथ-साथ आप जैसे कर्मठ सेवकों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में आपका कार्य समाज को प्रेरणा देता है। मुझे विश्वास है कि आपकी सेवाओं के माध्यम से हमारे प्रदेश का हर कोना विकास और समृद्धि की ओर अग्रसर होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं इस मंच से यह कहना चाहता हूँ कि हमारी सरकार आपकी हर सकारात्मक पहल में आपका साथ देगी। हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ को एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समावेशी प्रदेश बनाएंगे। आशा करता हूँ कि आपके प्रयास प्रदेश के हर नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएंगे। छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रांताध्यक्ष आर. एन. ध्रुव ने अपने सम्बोधन में समाज की विभिन्न मांगों से अतिथियों को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों पर विचार कर उचित निर्णय का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी, समाज के पूर्व प्रांताध्यक्ष सरजियस मिंज, प्रांताध्यक्ष आर. एन. ध्रुव, आर ठाकुर, बी. एल. ध्रुव सहित छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने काशी स्पाइन हॉस्पिटल का किया लोकार्पण



श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के शंकर नगर में काशी स्पाइन हॉस्पिटल का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक श्रीमोती लाल साहू और पुरंदर मिश्रा, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, अस्पताल परिवार के संतोष अग्रवाल, लीलाधर सुल्तानिया, डॉ. विमल अग्रवाल भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने अस्पताल के संचालकों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# 76वें एनसीसी दिवस समारोह में शामिल हुए सीएम साय एनसीसी से मिलती है राष्ट्रप्रेम एवं अनुशासन की भावना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित 76वें एनसीसी दिवस समारोह में शामिल हुए। एनसीसी दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि एनसीसी युवाओं में राष्ट्रप्रेम और अनुशासन की भावना को जगाता है और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है। मुख्यमंत्री ने एनसीसी कैडेट्स की परेड की सलामी ली। एनसीसी दिवस कार्यक्रम में एनसीसी के छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुति के साथ ही हार्स राइडिंग, एरो मॉडलिंग, सेक्शन मूवमेंट, सीमा फोर जैसे प्रदर्शन किये गए। मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले केडेट्स को पुरस्कृत किया। साथ ही 76वें एनसीसी दिवस समारोह के मौके पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी को 76वें एनसीसी दिवस की बहुत-बहुत बधाई देते हुए कहा कि आज एक बार फिर मुझे आप लोगों के बीच आने का अवसर मिला है। आप लोगों के बीच जब भी आता हूं, नई ऊर्जा से भर जाता हूं। आज आप लोगों ने एनसीसी दिवस पर शानदार परेड मार्च किया, एरो मॉडलिंग प्रदर्शन किया, घुड़सवारी का प्रदर्शन किया और सेक्शन अटैक का प्रदर्शन किया। आप लोगों के प्रदर्शन से मैं भी जोश से भर गया हूं।

#### एनसीसी कैडेटों को परेड करते हुए देखना बड़ा ही सुखद

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मुझे अच्छी तरह याद है कि नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होकर जब हमारे कैडेट लौटे थे, तब भी आप लोगों से मुलाकात हुई थी। गणतंत्र दिवस के मौके पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर छत्तीसगढ़ के एनसीसी कैडेटों को परेड करते हुए देखना बड़ा ही सुखद होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे कैडेट भारत के विभिन्न राज्यों से आए एनसीसी कैडेटों के साथ कदम से कदम मिलाते हुए जब तिरंगे को सलामी देते हैं तो प्रत्येक छत्तीसगढ़िया गर्व से भर उठता है। हमारे देश की यही खूबसूरती है। अलग-अलग भाषा और अलग-अलग क्षेत्रों के होने के बावजूद हम सभी में राष्ट्रप्रेम की भावना कूट कूट कर भरी हुई है। एनसीसी इसी राष्ट्र प्रेम को सींचता है, राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है।



#### एनसीसी का ध्येय वाक्य ही है- 'एकता और अनुशासन

मुख्यमंत्री ने कहा कि एनसीसी एक ऐसा संगठन है जो युवाओं को अनुशासन सिखाता है, उनके चरित्र का निर्माण करता है, उन्हें साहसी बनाता है और नि:स्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित करता है। एनसीसी का ध्येय वाक्य ही है- 'एकता और अनुशासन। एनसीसी हमारे युवाओं को सेना और अन्य सुरक्षा बलों में अपना कैरियर बनाने के लिए प्रेरित करता है। युवाओं को सेना में कैरियर निर्माण के लिए प्रेरित करने के लिए आप लोगों ने अभी कुछ दिनों पहले राजधानी रायपुर में भव्य सैन्य प्रदर्शनी का आयोजन भी देखा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे यह देखकर भी बहुत खुशी होती है कि एनसीसी में बालिकाओं की भागीदारी बढ़ रही है। प्रदेश में अनेक गर्ल्स बटालियन संचालित की जा रही है, यह बड़ी प्रसन्नता की बात है। हमारी बेटियों ने राष्ट्रीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक एनसीसी का नेतृत्व कर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। आज भारत की उपलब्धियों का गौरवगान पूरी दुनिया कर रही है। इन उपलब्धियों में निश्चित रूप से युवाओं की सबसे बड़ी भागीदारी है।

#### 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य देश के सामने रखा है। हमारे ऊर्जावान युवाओं के योगदान से हम सब अवश्य ही विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इनमें से बहुत से कैडेट सेना में अपना कैरियर बनाएंगे। हमने अपनी नई औद्योगिक नीति में अग्नि वीरों के लिए विशेष प्रावधान किए हैं। नई शिक्षा नीति में शिक्षा को कौशल विकास से जोड़ा है। जिससे आप लोग विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से देश की सेवा कर सकें।

#### एनसीसी कैडेटस को हवाई उड़ान का दिया जाना चाहिए प्रशिक्षण

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि वर्तमान में हमारे एनसीसी कैडेटों को हवाई उड़ान का अनुभव और प्रशिक्षण रायपुर में दिया जाता है, जिसका खर्च छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वहन किया जाता है। प्रदेश में रायपुर के साथ-साथ बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर, जशपुर में भी हवाई पट्टियां हैं, यह प्रशिक्षण वहां भी शुरू किया जा सकता है। इससे इन अंचलों के कैडेटों को भी लाभ होगा।

#### 900 एनसीसी कैडेट्स का चयन अग्निवीर में

मेजर जनरल विकांत एम. धुमने ने कहा कि छत्तीसगढ़ के 900 एनसीसी कैडेट्स का चयन अग्निवीर में हुआ है, यह यहां के कैडेटों के उच्च कोटि के प्रशिक्षण को प्रतिबिंबित करता है। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेसी, ब्रिगेडियर वाय. एस. चौहान, एस. एम. एनसीसी ग्रुप समादेशक, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल विकांत एम. धुमने, प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप कुमार, विभिन्न महाविद्यालयों, विद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स के अलावा सैन्य अधिकारी, एनसीसी अधिकारी, पीआई स्टाफ गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950